www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | आंचलिक 4 | अभिव्यक्ति 7 | कारोबार/खेल

RNI NO - MPHIN/2017 /72749 भोपाल, बुधवार 15 अप्रैल 2026 , कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत -2083, वर्ष -9 अंक -317 पृष्ठ -08 मूल्य-4 भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं का होगा तेजी से सशक्तिकरण : सीएम यादव

विभिन्न वर्गों की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई इंदौर के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में

प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय 21वीं सदी का सबसे अहम फैसला साबित होगा

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ उन्हें सशक्त बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने का संकल्प लिया है। यह 21वीं शताब्दी का सबसे बड़ा निर्णय है। इस अधिनियम के लागू हो जाने के बाद नारी शक्ति का तेजी से सशक्तिकरण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के परस्पर नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके हित में नया इतिहास लिखा, तो वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर देवी अहिल्याबाई का शहर है और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। आज हम जिस सभागृह में उपस्थित है वह लता मंगेशकर की स्मृति में बनाया गया है।

यशोदा माता, पन्नाधाय, अहिल्याबाई और रानी दुर्गावती उत्कृष्ट का व्यक्तित्व अमर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगर मां-बेटे का संबंध किसी को बताना है तो सिर्फ यशोदा मैया का नाम लेने से कृष्ण-कन्हैया का स्वत- ही स्मरण हो जाता है। यशोदा मैया के प्रण की पराकाष्ठा ऐसी थी कि उन्होंने अपनी संतान के प्राणों की चिंता न करते हुए कन्हैया का लालन-पालन किया। जब तक कन्हैया उनके पास रहे कभी बाल बराबर भी आंच नहीं आने दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना धाय का उदाहरण देते हुए कहा कि एक मां ने राज परिवार के बच्चे के प्राणों की रक्षा के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को आंखों के सामने बलिदान होते देखा। वहीं, इंदौर में सुशासन स्थापित करने वाली लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने प्रजा के हितों की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। जब पेशवा की सेना राज्य पर आक्रमण करने आई तो माता अहिल्याबाई ने सेना तैयार की, जिसका नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया था। उन्होंने अपनी युक्ति और बुद्धि से पेशवाओं को सचेत किया कि बहनों से युद्ध करने पर इतिहास में इसका परिणाम किस प्रकार देखा जाएगा। बहनें कभी हारने वाली नहीं हैं, अगर हार भी गए तो पेशवाओं के माथे पर कलंक लगेगा कि उन्होंने पूरी ताकत से लड़ते हुए राज्य की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकौशल की रानी दुर्गावती ने अकबर के शासनकाल में 52 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की थी। आखिरी युद्ध में दुश्मन सेना ने तोप का प्रयोग किया। तब रानी ने अपने महावत को आज्ञा पूर्वक खंजर सौंपते हुए कहा कि मैं आखिरी सांस तक युद्ध करूंगी, अगर सेना पराजय की स्थिति में आए तो तुम मेरी जीवन लीला समाप्त कर देना। रानी दुर्गावती ने राज्य की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया।

विपक्षी दल करते हैं वंदेमातरम् का अपमान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि विपक्षी दल वंदेमातरम् का अपमान कर रहे हैं। इसी प्रकार से राम मंदिर के समय भी समाज को बांटने की कोशिश हुई थी। जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को खत्म कर दिया, तब भी विपक्षी दल की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के दो निर्णयों को लागू करवाया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक के कलंक से मुक्ति दिलवाई। बदलते दौर के भारत में अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बढ़ेगा बेटियों का मान

विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। सनातन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

समझ में नहीं आता कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति और ईरानी संसद के अध्यक्ष जैसे बड़े ओहदे दार आखिर गलबहिया करने क्या सोचकर आतंकिस्तान गए थे? इतने बड़े लोगों को इतनी छोटी सी बात समझ में नहीं आई की कोटे पर मूजरा होता है। जहां पैसा फेका जाता है और तमाशा देखा जाता है। अब दलाल के चक्कर में पड़कर जोरा बाई के कोठे पर मुजरा देखने की जगह शादी करने जाओंगे तो मुंह लटकार वापस आओगे। बहरहाल भिखारीस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ की टेंशन बढ़ गई है। वो भिखारी उस सात सितारा होटल का बिल कैसे चुकाएगा? किसके आगे हाथ फैलाएगा।

वेदांता पावर प्लांट हादसा: गंभीर मरीज रायगढ़ के अस्पताल में भर्ती, पुलिस व प्रशासन की टीम मौजूद

बॉयलर फटा, 10 मौतें

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर एक हृदय विदारक हादसा हो गया। प्लांट के भीतर अचानक बॉयलर फटने से हुए जोरदार धमाके की चपेट में आने से 10 श्रमिकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं। प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर राहत कार्य में जुटी है। हादसे के बाद हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हर रोज की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान अचानक दोपहर करीब 2 बजे बॉयलर में ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास काम कर रहे मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में हादसे की वजह ट्यूब का फटना माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायगढ़ के अस्पतालों में अलर्ट, प्रशासन अलर्ट

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वेदांता पावर प्लांट में विस्फोट में घायल हुए 18 लोगों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल 5 मजदूरों की मौत होने की खबर है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, कई घायलों की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। प्रशासन ने अस्पताल प्रबंधन को हाई अलर्ट पर रखा है, ताकि घायलों को समय पर चिकित्सा मिल सके।

हताहत सभी सब-कॉन्ट्रैक्टर एनजीएसएल के कर्मचारी

पावर प्लांट के प्रवक्ता ने कहा कि '14 अप्रैल 2026 की दोपहर हमारे पावर प्लांट के बॉयलर यूनिट में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, जिसमें हमारे सब-कॉन्ट्रैक्टर एनजीएसएल के कर्मचारी शामिल थे, जो इस यूनिट का संचालन और रखरखाव करते हैं। हमारी तत्काल प्राथमिकता सभी प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सहायता और उपचार सुनिश्चित करना है। हम घायलों को पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

दोषियों पर सख्त कार्रवाई: साय

सक्ती जिले में सिंघीतराई स्थित 'वेदांता पावर प्लांट' में बॉयलर फटने से हुई भीषण दुर्घटना की सूचना अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में कुछ श्रमिकों के निधन और घायल होने का समाचार अत्यंत व्यथित करने वाला है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन मौके पर मौजूद है, राहत एवं बचाव कार्य तेजी से जारी है। घायलों के बेहतर उपचार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। घटना की गहन और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

– विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने की कलेक्टर और एसपी से बात

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने वेदांता थर्मल पावर प्लांट में हुए हादसे पर शोक और गंभीर चिंता व्यक्त की है। हादसे की खबर मिलते ही उन्होंने जिले के कलेक्टर और एसपी से फोन पर चर्चा की और पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों का साथ देना सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोपरि: महंत

डॉ. चरणदास महंत ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि उद्योगों के विकास के साथ-साथ श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। हादसे के बाद क्षेत्र में उपजे तनाव को देखते हुए उन्होंने प्रशासन को स्थिति पर पैनी नजर रखने और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावितों को आश्वासन दिया है कि वह व्यक्तिगत रूप से इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं और न्याय सुनिश्चित करेंगे।

मुआवजा और घायलों को मिले बेहतर उपचार: भूपेश बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सक्ती स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुई बॉयलर ब्लास्ट की सूचना अत्यंत पीड़ादायक है। इस भीषण हादसे में अब तक 4 मजदूरों की मौत तथा दर्जनों मजदूरों के बुरी तरह घायल होने की खबर है। ईश्वर दिवंगत जनों को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें। शासन-प्रशासन से पीड़ितों के लिए उचित मुआवजे के साथ ही सभी घायलों के यथोचित उपचार की व्यवस्था की जाए।

पीएम मोदी ने की ट्रम्प से 40 मिनट तक बात

■ ईरान-अमेरिका सीजफायर के बाद पहली बातचीत, 20 दिन में दूसरी बातचीत

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक अमेरिका-ईरान सीजफायर के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और शांति बहाल करने की जरूरत पर बात की थी। फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने ट्रम्प से कहा, 'भारत के लोग आपको पसंद करते हैं।'

भारत-अमेरिका के रिश्ते मजबूत: अमेरिकी राजदूत: भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है और कई अहम मुद्दों पर साथ मिलकर काम किया जा रहा है।

ट्रम्प-मोदी के बीच 20 दिन में दूसरी बातचीत: इससे पहले पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच 24 मार्च को फोन पर बात हुई थी। उस बातचीत में दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के हालात पर बात की थी।

डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल के ड्रेसर का 5000 रिश्वत लेते वीडियो वायरल, सस्पेंड

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिला अस्पताल के ड्रेसर किशोर कुमार चौहान के रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वो 5 हजार रुपए लेकर गिनते नजर आ रहा है। 2 हजार और देने की बात कह रहा है। वीडियो सामने आने के बाद ड्रेसर को सस्पेंड कर दिया गया है। सरकारी कर्मचारी ने इलाज के बाद पैसा रिम्बर्समेंट के लिए आवेदन दिया था। जिसे पास करने के एवज में रिश्वत मांगी गई। वीडियो में दोनों 45 हजार रुपए इलाज में खर्च और आईवीएफ के बारे में बातचीत करते नजर आ रहे हैं। ड्रेसर यह भी कह रहा कि जिसके साइन से पैसा निकल रहा है, उसको पैसा नहीं देना चाह रहे हो तुम। हम चाहते तो बिल को रायपुर भेज देते। लेकिन रायपुर से पास नहीं होता, क्योंकि आईवीएफ का पैसा नहीं मिलता है।

बिहार में अब बीजेपी राज, सम्राट को ताज

■ नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा, आज शपथग्रहण

पटना (ए.)। सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें पहले बीजेपी फिर एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। थोड़ी देर में वे राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। इस्तीफे के बाद उन्होंने कहा, मैंने नीतीश जी से राजनीति सीखी है। उनके साथ मैंने काम किया है। उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है। सम्राट चौधरी का 15 अप्रैल को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा। इसके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

26 लाख के गांजा के साथ 6 तस्कर पकड़ाए

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर में पुलिस ने 54 किलो गांजा के साथ 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गांजा को राजस्थान ले जाने के लिए सप्लाई की तैयारी में थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 54 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 26.97 लाख रुपए है। साथ ही 6 मोबाइल फोन और कैश बरामद की गई है। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भीम जन्मभूमि (महू) पहुंचकर बाबा साहेब को अर्पित की पुष्पांजलि

संविधान निर्माता होने के साथ नए भारत के निर्माता भी हैं बाबा साहेब : सीएम यादव

डॉ. अम्बेडकर ने संविधान के रूप में हमें दिया लोकतंत्र का सबसे बड़ा ग्रंथ

नारी सशक्तिकरण के साहसी और प्रबल समर्थक थे बाबा साहेब

न्यूनतम मजदूरी, कम्पनी लॉ, महिला श्रमिकों के अधिकार हैं बाबा साहेब की देन

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्मभूमि पर उनकी जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। बाबा साहेब एक ऐसे युग दृष्टा थे, जिन्होंने एक हजार साल की गुलामी की कठिनाइयों को दूर करने और समाज के अंदर समानता के भाव को विकसित करने के लिए लड़ाई लड़ी थी। बाबा साहेब के योगदान से हम सभी गौरवान्वित होते हैं। हमें उनके बनाए संविधान के अनुसार ही चलना चाहिए। इससे श्रेष्ठ संविधान और कोई नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. अम्बेडकर द्वारा महिला समानता और सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों और उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने बहनों को पिता की संपत्ति में अधिकार दिलाने, तलाक के समय मुआवजा और मातृत्व अवकाश दिलाने के लिए सराहनीय कार्य किया। उन्होंने हमें माताओं-बहनों के लिए समान काम-समान वेतन का दूरदृष्टि पूर्ण विचार दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में डॉ. अम्बेडकर की जन्मभूमि परिसर में आयोजित जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब महिला सशक्तिकरण के साहसी और प्रबल समर्थक थे। महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए बाबा साहेब ने अपनी कुर्सी तक छोड़ दी थी। न्यूनतम मजदूरी, कंपनी लॉ और महिला श्रमिकों को अधिकार हमें बाबा साहेब की ही देन है। केन्द्र सरकार संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों पर चलते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 21वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय लेने जा रही है। आने वाले दिनों में लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पूर्ण रूप से लागू करने पर चर्चा होगी, इससे माताओं-बहनों को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए डॉ. अम्बेडकर ने जो किया, इसके लिए देश उन्हें सदैव स्मरण करता रहेगा। बाबा साहेब ने अपने जीवन के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भड़के छत्तीसगढ़ प्रदेश सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन....

82 साल के रिटायर्ड डीएसपी और पत्नी को पन्ना पुलिस ने बनाया क्रिमिनल

पन्ना/भिलाई नगर/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में 07 अप्रैल को 82 वर्षीय रिटायर्ड डीएसपी भरत सिंह चौहान और उनकी पत्नी 78 साल की श्रीमती राजश्री चौहान के साथ पुलिस बदसलूकी का मामला गरमा गया है। सीट बेल्ट के विवाद में दंपति पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन में भारी रोष है, सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों ने इस घटना की करें शब्दों में निंदा करते हुए मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना से इस मामले में दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करने एवं दर्ज अपराध को खत्मा करने की मांग की है, पुलिस अधिकारियों का यह रवैया सेवानिवृत पुलिस अधिकारी एवं सीनियर सिटीजन के साथ अमानवीय कृत्य है, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतना कम है इस मामले में पन्ना के पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू की भी भूमिका संदिग्ध है पूरी कार्यवाही इस बात को इंगित करती है की सीनियर सिटीजन एवं रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस का बर्ताव काफी गंभीर मुद्दा बन गया है। उल्लेखनीय है कि भरत सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले में छावनी, राजधानी रायपुर में कोतवाली, एवं बिलासपुर में सिविल लाइन थाने में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, पन्ना पुलिस की कार्यवाही की निंदा करने वालों एसोसिएशन के संरक्षक आर.पी शर्मा, अध्यक्ष सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी बी एस ठाकुर,संतोष सिंह गौर, व्ही. एस. दवे, भारत भूषण शर्मा, सुरेश चंद्र गोस्वामी, आर. के. राय, उदय भान सिंह चौहान,अजीत यादव, विश्वास चंद्राकर, कविलाश टंडन, राकेश जोशी, सचिन देव शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, एन. के. साहू, रविंद्र उपाध्याय, महेश सिंन्हा, राजेंद्र प्रसाद यादव, लल्लन सिंह, सुरेश तिवारी, जगदीश उइके, रोहित बघेल, जी.सी. पति, के.एम.एस. खान, शौकत अली, वीरेंद्र सतपति, विनोद कुमार पहाड़े,नरेंद्र हरियाणो, विजय शर्मा, दिनेश कुमार त्रिपाठी, नवीन शंकर चौबे, अशोक जोशी, राजेंद्र सिंह, प्रमुख रूप से शामिल है।

बाबा साहेब की जयंती को लेकर कोदागांव में चलाया गया स्वच्छता अभियान

■ नायक के नेतृत्व में विगत 10 सालों से स्वच्छता अभियान मृत मवेशी के अंतिम संस्कार कर चुके

कांकेर / नवप्रदेश। 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत कोदागांव में स्वच्छता अभियान चलाया।ग्राम कोदा गांव मंदिर परिसर और और बाजार परिसर का साफ सफाई करते हुए पंचूराम नायक सभापति सहकारिता जनपद पंचायत कांकेर व पुर्व मंडल अध्यक्ष, पुर्व सरपंच ने स्वच्छता को विशेष महत्व देते हुए पिछले दिनों कई पुरस्कार ले चुके हैं स्वच्छता में विकास खण्ड स्तर जिला स्तर पर प्रदेश स्तर पर रचनात्मक कार्यो में सम्मान किया गया है, साथ ही स्वच्छता को एक थीम पर कार्य कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षो से गौ माता व पालतू पशुओं को सम्मान पुर्वक अंतिम

संस्कार- मिट्टी में गड्ढे खोद कर मिट्टी ढक कर उसके ऊपर वृक्ष रोपण कर किया जा रहा है, जिसके कारण समाज में एक नया संस्कर निर्मित होता है वातावरण प्रदुषित नहीं होता वृक्ष रोपण कार्य जैविक खाद मिट्टी के कटाव रोकने में सहायक होता है।लगभग 300 गौमाता व पालतू पशुओं को दफ्नाने का कार्य हो चुका है आओ हम सभी को मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में शामिल - पंचू राम नायक सभापति सहकारिता जनपद पंचायत कांकेर,चुमेश पटेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष,दिनू राम पटेल, बीरबल धाकड़ एस सी मोर्चा महा मंत्री, श्री मती रेशमा केशरी महिला मोर्चा महामंत्री, श्रीमती मीना साहू पंच, रेवती पिद्दा, लता पिद्दा, शंकर सोनवानी, कुनाल आरदे, साहिल दिपक,मानेस नेताम, देवेन्द्र ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता - मीना साहू, अनारकली आदि लोगों की उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पंचूराम नायक सभापति सहकारिता जनपद पंचायत कांकेर व पुर्व मंडल अध्यक्ष,चुमेश पटेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष बीरबल धाकड़ एससी मोर्चा महा मंत्री,श्रीमती रेशमा केशरी महिला मोर्चा महामंत्री, दिनु राम पटेल,शंकर सोनवानी,मीना साहू पंच, रेवती पिद्दा,साहिल दिपक, कुनाल आरदे,मानेश नेताम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-मीना साहू, अनारकली आदि लोगों की उपस्थित मे कार्यक्रम संपन्न हुआ।

न्यूज गैलरी

अंबेडकर जयंती पर ग्राम सभा में गूंजा संकल्प-बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाएंगे

बीजापुर / नवप्रदेश। 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्राम सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा होने के साथ.साथ कानूनन अपराध भी है। 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह प्रतिबंधित है और इसमें शामिल सभी लोगों पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।बैठक में अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि शासन द्वारा सामुदायिक भागीदारी और जनजागरूकता के माध्यम से पूरे राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित कर बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान उपस्थित सभी ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अपने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, बाल विवाह की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें और समाज में जागरूकता फैलाएं।ग्राम सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे बाल विवाह जैसी कुप्रथा का विरोध करेंगे और अपने पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। आइए हम सब मिलकर बाल विवाह मुक्त पंचायत का निर्माण करें और समाज को एक नई दिशा दें।

आवापल्ली में उसूर ब्लॉक के विक्रेताओं की समीक्षा बैठक संपन्न

बीजापुर / नवप्रदेश। अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल ने जनपद पंचायत सभाकक्ष आवापल्ली में उसूर ब्लॉक के समस्त विक्रेताओं एवं दुकान संचालकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर सहायक खाद्य अधिकारी एवं समस्त खाद्य निरीक्षक भी उपस्थित रहे। बैठक में दुकान संचालन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रमुख रूप से चावल उत्सव, खाद्यान्न वितरण व्यवस्था, डीडी प्रक्रिया, ट्रैक्टर के माध्यम से भंडारण एवं वितरणए आधार सीडिंग, ई-केवाईसी तथा जर्जर भवनों की स्थिति जैसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया गया।अपर कलेक्टर ने सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वितरण व्यवस्था पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जाए, जिससे पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। साथ ही आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने विक्रेताओं की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। अंत में सभी को शासन के दिशा.निर्देशों का पालन करते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

चांदनी चौक में सड़क निर्माण के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के चांदनी चौक क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण भूमिगत जल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे लाखों लीटर पीने का पानी सड़कों पर बह गया।यह घटना ऐसे समय में हुई है जब भीषण गर्मी के कारण जगदलपुर शहर में पहले से ही पीने के पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। पानी के बह जाने से आसपास के कई इलाकों में जल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।स्थानीय निवासियों ने निर्माण कार्य में हुई लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में जब पानी की बचत की जरूरत है, उस समय लाखों लीटर पानी बर्बाद होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।स्थानीय लोगों ने नगर निगम और निर्माण एजेंसी से मांग की है कि इस घटना की तुरंत जांच की जाए, दोषी ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत शीघ्र पूरी कर पानी की बर्बादी रोकी जाए।

प्रथम चरण में 7 हजार से अधिक आवेदनों पर कार्यवाही, हजारों नागरिकों को मिली राहत

मैदानी क्षेत्रों के साथ सुदूर अंचलों तक पहुंचा जिला प्रशासन, स्थानीय स्तर पर मिला समाधान

■ जनसमस्या निवारण शिविर: प्रभावी प्रशासनिक पहल से सशक्त हुआ जनविश्वास

रायगढ़/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिले में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों ने अल्प समय में ही जनसेवा की एक प्रभावी मिसाल प्रस्तुत की है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित इन शिविरों के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों पर तेजी से कार्यवाही करते हुए हजारों नागरिकों को राहत प्रदान की गई है, जिससे आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। प्रथम चरण के अंतर्गत कुल 7,125 आवेदनों में से 4,000 से अधिक प्रकरणों का सफल निराकरण किया जा चुका है। यह उपलब्धि सुव्यवस्थित योजना, विभागीय समन्वय तथा सतत मॉनिटरिंग का परिणाम है, जिसने जनसेवा को परिणाममुखी स्वरूप प्रदान किया है।

विकासखंड स्तर पर भी निराकरण की प्रक्रिया प्रभावी रही। मुकड़ेगा और कापू में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई, जहां बड़ी संख्या में आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही छाल, तमनार, खरसिया एवं पुसौर में भी सक्रिय कार्यवाही के माध्यम से नागरिकों को राहत पहुंचाई गई है, जो प्रशासनिक तत्परता को दर्शाता है।

÷प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार÷ अभियान के अंतर्गत तमनार, मुकड़ेगा, छाल, पुसौर एवं कापू जैसे सुदूर वनांचल एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर प्रशासन ने अपनी पहुंच सीधे नागरिकों तक सुनिश्चित की। इसके साथ ही मैदानी क्षेत्रों में भी एक ही मंच के माध्यम से जनसमस्याओं का निराकरण किया गया, जिससे नागरिकों को जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ी और उन्हें उनके ही क्षेत्र में त्वरित सेवाएं प्राप्त हुईं।

शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आवेदनों का मौके पर परीक्षण कर यथासंभव तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया, जिससे योजनाओं की जमीनी पहुंच और प्रभावशीलता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, मछली जाल वितरण, राशन कार्ड, आधार कार्ड, महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रम कार्ड, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को चेक वितरण, फलदार पौधों का वितरण सहित अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा वितरण भी किया गया। शिविर स्थलों पर पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। अधिकारियों-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता से शिविर एक सशक्त जनसेवा मंच के रूप में स्थापित हुए, जहां आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के साथ संतोषजनक वातावरण भी देखने को मिला ।

बड़ेकाकलेड में संतृप्ति शिविर आयोजित

■ योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ स्वास्थ्य जांच और जनसमस्याओं पर हुआ फोकस

बीजापुर / नवप्रदेश। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार नियद नेल्लानार ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में नियमित अंतराल पर संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड भोपालपटनम अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेकाकलेड में 13 अप्रैल 2026 को शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत के सभी आश्रित ग्रामों के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।शिविर के दौरान मौके पर ही 31 जॉब कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही जन्म प्रमाण पत्र, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता खोलने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के लिए आवेदन फॉर्म भरे गए जिससे ग्रामीणों को त्वरित लाभ मिल सका। इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग भी की गई। शिविर में कुल 55 व्यक्तिगत एवं सामुदायिक मांग/ज्ञापन प्राप्त हुए। ग्रामीणों द्वारा प्रमुख रूप से क्षेत्र में बस सेवा प्रारंभ करने, विद्युत विस्तार एवं सुचारू आपूर्ति, संचार सुविधा के लिए जियो मोबाइल टावर की स्थापना, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति संड्रा (विस्थापित) को मूल स्थान पर संचालित करने तथा इंद्रावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वर्ष 2003 से बंद तेंदूपत्ता तोड़ाई पुनः शुरू करने जैसी मांगें रखी गईं।

शिविर में जनपद प्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता के साथ शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जहां शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में सार्थक पहल की गई।

नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित बीआरजीएस प्रशिक्षण संपन्न हुआ

बीजापुर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर के निर्देशन और डाइट प्राचार्य वेंकट रमन के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में बीजापुर जिले के चारों विकासखंड के 48 बीआरजीएस का एफएलएन अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्राथमिक शिक्षकों का जिला स्तर पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण (ब्लेंडेड मोड में) 06 से 08 अप्रैल तक तीन दिवस ऑनलाइन एवं 09 से 13 अप्रैल तक पांच दिवस ऑफलाइन प्रशिक्षण एससीईआरटी द्वारा प्रशिक्षित डीआरजी के माध्यम से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बीजापुर में डाइट फेकल्टी एवं विकासखंडों से आए शिक्षकों की उपस्थिति में प्री टेस्ट एपूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ होते हुए संपन्न हुआ।

पीढापाल में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई

■ संविधान निर्माता लोक कल्याण के लिए रहे समर्पित : नायक

कांकेर / नवप्रदेश। मंगलवार को धनेलीकन्हार मंडल के अंतर्गत ग्राम पीढापाल बूथ स्तर पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना सम्मान के साथ पूजा किया गया।

सामाजिक न्याय के प्रणेता भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न, श्रद्धेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए।मुख्य अतिथि पंचूराम नायक ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते कहा कि पूज्य बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन समतामूलक समाज की स्थापना और लोककल्याण के लिए समर्पित रहा। राष्ट्र निर्माण में आपके अभूतपूर्व योगदान के लिए यह देश सदैव ऋणी है उस

श्रद्धेय बाबा साहेब के पुण्य विचार और आदर्श जीवन सदैव हमारा पथ प्रदर्शित करते रहेंगे। उनकी शिक्षाओं को आत्मसात कर हम सभी उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए कटिबद्ध रहे है। और डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर बताया गया।

बच्चों कि छात्र वास पर भी निरीक्षण कर पूजा अर्चना के साथ बच्चों कि स्वास्थ्य गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया।

जिसमें उपस्थित मुख्य अतिथि पंचूराम नायक पूर्व मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्य सहकारिता सभापति कांकेर सितंबर कावडे पूर्व मंडल अध्यक्ष व सरपंच अशोक कचलाम मंडल महामंत्री व जनपद सदस्य सभापति कांकेर सरपंच हलालू राम पढोंती दीलीप सिंह राजपूत किसान मोर्चा महामत्री योगेश ठाकुर युवा मोर्चा महामंत्री भाजपा राहुल कावड़े भाजपा युवा मोर्चा मंत्री पंच्चम जैन वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवलाल नाग कन्हैया शोरी यशवंत दर्रो आयतू कचलाम विष्णु मंडावी पंच मुकेश नाग ग्रा. सचिव एवं उपस्थित समस्त ग्रामवासियों के साथ इस कार्यक्रम बुथ पीढापाल मे सम्पन्न हुआ।

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान की हुई शुरुआत

■ स्थानीय स्तर पर विधायक सुश्री लता उसेण्डी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न

कोण्डागांव / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा आज सुकमा जिले में आयोजित कार्यक्रम में ÷मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान÷ का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में कोण्डागांव जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल एवं श्रीमती यशोदा कश्यप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा सुकमा से आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने बस्तर क्षेत्र के सुदूर अंचलों में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की दिशा में इस अभियान को शासन की महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी पहल बताया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि एनीमिया मुक्त समाज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, जिससे महिलाएं एवं बालिकाएं स्वस्थ रहकर हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत व्यापक स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाएगी, जिससे समाज के समग्र स्वास्थ्य स्तर में सुधार होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ. पी.एल. मण्डावी तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

डिजिटल जनदर्शन 'डिजि मितान' का शुभारंभ

रायगढ़ / नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप तथा कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला पंचायत रायगढ़ द्वारा सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव पहल ÷डिजिटल जनदर्शन ङ्क डिजि मितान÷ का सफल ट्रायल पूर्ण होने के पश्चात विधिवत शुभारंभ किया गया।

कांकेर जिले में महिलाएं सब्जी-भाजी लगाकर बाजार में बेच रही, आय में हो रही वृद्धि

कृषि और आजीविका के लिए दीदी के बखरी से आ रही नई क्रांति

कांकेर / नवप्रदेश। जिले में बिहान योजना के तहत महिलाओ के आजीविका मे वृद्धि हेतु सभी स्तर पर विभिन्न प्रयास किये जा रहे है । जिले में काफ़ी संख्या मे दीदीयां अपने जीवन स्तर मे में सुधार के लिए आय मूलक गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं । अपनी आय दुगुनी करने के लिए एकीकृत कृषि के साथ अन्य लाइवलिहुड एक्टिविटी कर रही है इसमें अपने घर के बखरी (बाड़ी) में व्यावसायिक रूप से सब्जी -भाजी लगाकर उसको बाजार में बिक्री कर अपने आय मे वृद्धि कर रही है ,साथ मे मछली पालन,मुर्गीपालन, बकरी पालन व वनोपज संग्रहण कर रही है। इस प्रकार से एकीकृत कृषि जिले के चार विकासखंडट्ठ नरहरपुर, कांकेर, भानुप्रतापपुर, चारामा में संचालित है, जिसमें प्रत्येक संकुल के चार गांव को लिया गया है। योजना का उद्देश्य महिला किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है जिससे उनकी औसत आय प्रतिमाह बीस से पच्चीस हजार तक पहुंच जाए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में यह योजना ज़िले में सुचारु रूप से संचालित हो रही है,यह योजना ÷दीदी के बखरी÷ नाम से संचालित है ।

विकासखण्ड नरहरपुर में 1200, कांकेर में 790, चारामा में 734 एवं भानुप्रतापपुर में 640 इस प्रकार कुल 3364 महिला किसानों द्वारा सब्जी बाड़ी, पोषण वाटिका, मुर्गी पालन, वनोपज संग्रहण, मछली पालन इत्यादि गतिविधियां की जा रही हैं। वित्त वर्ष 2026-27 में 10,780 महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है जिसमे उनका आवश्यक सहयोग करके उनके आय मे वृद्धि का प्रयास किया जायेगा ।

इनके लिए सभी क्लस्टर लेवल पर आजीविका सेवा केंद्र भी खोला जा रहा है जो दीदियों द्वारा ही संचालित होगा। इसके माध्यम से इनको उक्त गतिविधि के संचालन हेतु आवश्यक बीज, कृषि उपकरण, खाद आदि मुहैया कराया जायेगा। जिला पंचायत सीईओ बने श्री मंडावी ने गत दिनों नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, कांकेर की महिला किसानों से मिलकर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन

23 अप्रैल तक चलेंगी विविध गतिविधियां, मातृ एवं शिशु पोषण पर विशेष फोकस

रायगढ़ / नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 9 से 23 अप्रैल 2026 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृत्व एवं शिशु पोषण को सुदृढ़ बनाना तथा समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत शून्य से 3 वर्ष तक के बच्चों के समुचित विकास के लिए प्रारंभिक उत्प्रेरण गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है, वहीं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही स्क्रीन टाइम कम करने तथा बच्चों के समग्र विकास में पालकों एवं समुदाय की भूमिका को सशक्त बनाने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पखवाड़ा के दौरान जिला, विकासखंड, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत एवं आंगनबाड़ी स्तर पर प्रतिदिन निर्धारित कैलेंडर के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

भोपाल में 6 हजार कर्मचारी करेंगे जनगणना :1 मई से मकानों की गिनती करने मैदान में उतरेंगी टीमें

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में 1 मई से जनगणना की शुरुआत होगी। यह जनगणना का पहला चरण रहेगा। जिसमें एक महीने तक मकान और परिवार से संबंधित 33 बिंदुओं पर जानकारी पूछी जाएगी। इस काम के लिए 6 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो 25 जोन में काम करेंगे। इसे लेकर ट्रेनिंग भी हो चुकी है। जिला जनगणना अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया, जनगणना दो चरण में होगी। 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण का काम होगा। दूसरे फेज में अगले साल जनगणना का कार्य होगा।

पहले चरण में ये पता लगाएंगे

मकान नंबर, छत-दीवार कैसी है?, मकान की वर्तमान स्थिति, उसका पयोग, घर में रहने वाले लोगों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, उसका लिंग, पेजयल का मुख्य स्रोत, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासयी, पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्रोत, रेडियो या ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा है या नहीं?, टेलीफोन,

साइकिल, स्कूटर, बाइक या मोपेड, कार, जीप या वैन, मोबाइल नंबर समेत 33 बिंदुओं की जानकारी ली जाएगी।

जनगणना के इतिहास के बारे में जानें

जनगणना 2027 देश की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। यह गांव, शहर एवं वार्ड स्तर पर प्राथमिक आंकड़ों का सबसे बड़ा एवं विश्वसनीय स्रोत है। जनगणना-2027 पूर्णतः डिजिटल होगी। पहली बार नागरिकों को स्व-गणना (सेल्फ एन्युमरेशन) का विकल्प प्रदान किया गया है। आंकड़ों का संकलन स्व-गणना पोर्टल एवं मोबाइल एप (एचएलओ एप) के माध्यम से किया जाएगा। मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन एचएलबीसी वेब पोर्टल से और प्रबंधन एवं निगरानी सीएमएमएस वेब पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

भोपाल में ऐसी रहेगी जनगणना की प्रक्रिया

भोपाल जिले के शहरी क्षेत्र को 25 जोन में बांटा गया है। जिसमें जोन स्तर पर 5042 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 907 प्रगणकों की नियुक्ति हुई है। एक प्रगणक को 200 मकानों की गणना करनी है। ग्रामीण क्षेत्र में चार जोन बनाए गए हैं। जिसमें बैरसिया नगर परिषद, बैरसिया ग्रामीण, हुजूर एवं कोलार शामिल हैं। इसके साथ ही उनके कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। चार्ज स्तर पर सभी प्रशिक्षण संपन्न कराए गए हैं। अब 15 से 25 अप्रैल 2026 तक जोन स्तर पर ही प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्य किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

तपने लगा एमपी, 42 डिग्री पार पहुंचा पारा : नर्मदापुरम सबसे गर्म

15 शहरों में तापमान 40 के पार; कई जिलों में दो दिन बाद लू का अलर्ट

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में गर्मी ने अब तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सीजन में पहली बार तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग (IMD) ने चेतावनी दी है कि 16 और 17 अप्रैल को प्रदेश के कई जिलों में भीषण लू चल सकती है। मंगलवार को नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां रात का तापमान भी 25.6 डिग्री रहा। इसके बाद रतलाम में 41.4 डिग्री और खजुराहो-नौगांव में 41 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ।

भोपाल में 39.6 डिग्री रहा दिन का तापमान

प्रदेश के 15 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री या उससे अधिक पहुंच गया। इनमें धार (40.6), बैतूल (40.5), श्योपुर और रायसेन (40.4), शाजापुर, गुना और खरगोन (40.2), छिंदवाड़ा (40.1) शामिल हैं। दमोह, सागर और मलाजखंड में तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल और जबलपुर में 39.6 डिग्री, इंदौर में 39.8 डिग्री और ग्वालियर-उज्जैन में 39.5 डिग्री तापमान रहा।

दो दिन यहां लू का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार 16 और 17 अप्रैल को रतलाम, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, खरगोन, खंडवा, सीधी, सिंगरौली, मंडला और बालाघाट में लू चलने की संभावना है। वहीं भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी गर्म हवाओं का असर बना रहेगा।

15 अप्रैल से नया सिस्टम सक्रिय, पर नहीं मिलेगी राहत

15 अप्रैल से एक नया मौसम सिस्टम बन तो रहा है, लेकिन वह काफी कमजोर है। इसका मतलब है कि अब गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल का दूसरा पखवाड़ा ऐतिहासिक रूप से सबसे गर्म रहता है। ग्वालियर में तो तापमान 45एष्ट और भोपाल में 44एष्ट तक जाने का रिकॉर्ड रहा है।

अप्रैल में लगातार 9 दिन तक बारिश

बता दें कि अप्रैल में अब तक भीषण गर्मी पड़ने के बजाय आंधी-बारिश और ओले वाला मौसम रहा। 1 से 9 अप्रैल तक प्रदेश में कहीं न कहीं मौसम बदला। 15 से ज्यादा जिलों में ओलावृष्टि हुई तो करीब 45 जिलों में पानी गिरा। ग्वालियर में सबसे ज्यादा पानी गिरा। एमपी में अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से गर्मी का असर तेज होने लगता है। महीने के आखिरी दिनों में तो तापमान रिकॉर्ड तोड़ देता है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर की 10 साल की डेटा बेस्ड स्टडी में सामने आया कि भोपाल-इंदौर में पारा 43 डिग्री, जबकि जबलपुर में 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। ग्वालियर में तो तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है।

भोपाल में 1996 में पड़ी थी सबसे ज्यादा गर्मी

अप्रैल में गर्मी के ट्रेंड की बात करें तो भोपाल में 29 अप्रैल 1996 को अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। इस महीने भोपाल में बारिश-आंधी के आसार भी बनते हैं। यही कारण है कि कुछ साल से अप्रैल में बारिश का दौर चल रहा है। 20 अप्रैल 2013 को भोपाल में 24 घंटे के भीतर 30.8 मिमी यानी एक इंच से ज्यादा बारिश हुई थी। वहीं, 2023 में 22.6 मिमी पानी गिरा था।

इंदौर में पिछले साल गिरा था 22.3 मिमी पानी

इंदौर में भी पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, 25 अप्रैल 1958 को सर्वाधिक 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। इस महीने यहां भी मौसम में बदलाव देखने को मिलता है। गर्मी के साथ बादल छाए रहते हैं तो बौछारें भी गिरती हैं। हर साल बारिश का दौर भी बनता है।

जबलपुर में तेज गर्मी का ट्रेंड

जबलपुर की बात करें तो यहां अप्रैल में एक बार पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 28 अप्रैल 1970 को दिन का तापमान 45.4 डिग्री रहा था। अप्रैल में यहां भी बारिश होने की संभावना रहती है। रिकॉर्ड के अनुसार, जबलपुर में 3 अप्रैल 1935 को 24 घंटे के भीतर 50.3 मिमी बारिश हुई थी। 2023 में 20.2 मिमी पानी गिरा था। इस साल 19 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था।

14 दिन में पूरी करनी होगी प्रारंभिक जांच, वरना होगी कार्रवाई, पुलिस मुख्यालय के सख्त निर्देश

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय ने पुलिस अधिकारियों के लिए नई सख्त गाइडलाइन जारी की है। अब प्रारंभिक जांच 14 दिन में पूरी करना और जरूरत पड़ने पर एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य होगा। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने राज्यभर के पुलिस अधिकारियों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि यदि किसी मामले में प्रारंभिक जांच आवश्यक समझी जाती है, तो उसे अधिकतम 14 दिनों के भीतर पूरा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयसीमा का पालन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि के भीतर यह तय करना जरूरी होगा कि मामले में एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए या नहीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

राष्ट्रहित सर्वोपरि, सामाजिक समरसता के लिए एकजुट होकर करेंगे काम : सीएम यादव

केन्द्र सरकार ने बाबा साहेब के सम्मान में उनकी स्मृति में कराया पंचतीर्थों का निर्माण

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को बोर्ड ऑफिस स्थित बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर चौराहे पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 136वीं जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय है, अतुलनीय है। उन्होंने देश में समतामूलक समाज के निर्माण के लिए भारतीय संविधान की रचना कर इसमें सबके अधिकारों की सुरक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब के सम्मान में पुष्पांजलि कार्यक्रम में मौजूद सबके समक्ष भारतीय संविधान की मूल उद्देश्यिका का वाचन कर %डॉ. भीमराव अम्बेडकर अमर रहे% के नारे लगाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर आजीवन वंचितों, पीड़ितों, शोषितों और उपेक्षितों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनैतिक सशक्तिकरण की प्रखर आवाज थे। हमारी सरकार संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की समरसता और समानता की भावना को केन्द्र में रखकर लगातार काम कर रही है। बाबा साहेब ने हमें समानता का अधिकार दिलाया और अब हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ÷सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास÷ के पथ पर आगे बढ़ते हुए बाबा साहेब के स्वप्न को साकार कर रहे हैं। देश सबसे पहले है, हम सब सामाजिक समरसता के लिए मिल-जुलकर, एकजुट प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकारों ने हमेशा ही बाबा साहेब का सम्मान किया। भोपाल में उड़ान पुल बना, तो उसे हमने बाबा साहेब का नाम दिया। बाबा साहेब की जन्मभूमि महू में भव्य स्मारक बनवाया। बाबा साहेब के नाम पर कामधेनु योजना शुरू की। सागर के अभयारण्य को बाबा साहेब का नाम दिया। बाबा साहेब के नाम पर आर्थिक कल्याण योजना शुरू की। हम ग्वालियर में भी डॉ. अम्बेडकर धाम बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार ने बाबा साहेब की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाये रखने के लिए उनकी जन्म भूमि (महू- डॉ. अम्बेडकर नगर, म.प्र.), शिक्षा भूमि (लंदन), दीक्षा भूमि (नागपुर, महाराष्ट्र), महापरिनिर्वाण भूमि (दिल्ली) एवं चैत्य भूमि (मुम्बई) को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर स्थाई निर्माण कार्य कराये हैं, जो बाबा साहेब के संघर्ष एवं आदर्शों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने स्त्री शिक्षा, इनके नैसर्गिक अधिकारों के संरक्षण और इनके सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए विशेष प्रयास किये। उन्हीं के बताये मार्ग पर चलकर हमारा देश आज महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम उठाने की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार देश की संसद में %नारी शक्ति वंदन अधिनियम% के पूर्ण क्रियान्वयन को लेकर ऐतिहासिक चर्चा कराने जा रही है। इस अधिनियम की मंशा देश की सभी महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देना है। यह 21वीं शताब्दी में देश की आधी आबादी को पूरा हक देने की दिशा में उठाया गया सबसे बड़ा और कारगर कदम होगा, जो भारतीय गणतांत्रिक राष्ट्र की विधायिका व्यवस्था में महिलाओं का राजनीतिक नेतृत्व बढ़ाएगा। पुष्पांजलि कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, वन एवं पर्यावरण

मंदसौर की महिलाओं ने घोल दी महानगरों में मिठास

ग्राम पिपल्या कराड़िया महाराणा समूह बना स्व-रोजगार की मिसाल

आत्मनिर्भरता का रचा मॉडल, दूसरों को भी दिया रोजगार

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी से ग्रामीण आजीविका मिशन सक्रियता से कार्य कर रहा है। मिशन की प्रभावी पहल से मंदसौर जिले के ग्राम पिपल्या कराड़िया की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक कहानी लिखी है। 'महाराणा स्व-सहायता समूह' आज न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहा है, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर रहा है। समूह की महिलाएं प्राकृतिक और स्वादिष्ट जूस एवं शेक निर्माण में दक्ष हो चुकी हैं। इनके उत्पादों में लेमन, जीरा, जिंजर लेमन, कच्ची केरी, आंवला जूस के साथ-साथ मिल्क शेक, बादाम शेक, राजभोग और शाही गुलाब शेक शामिल हैं, जो ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा हैं। ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मंदसौर जिले के इस समूह को आगे बढ़ने के लिए वित्तीय सहायता के रूप में 5 लाख का बैंक ऋण, डेढ़ लाख की सामुदायिक निवेश निधि तथा 10 हजार की चक्रीय राशि प्रदान की गई। इस सहयोग ने समूह को अपने व्यवसाय को मजबूती देने और विस्तार करने में महत्वपूर्ण आधार प्रदान किया।आजीविका मिशन के मार्गदर्शन और सहयोग से समूह ने स्थानीय स्तर से आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उज्जैन, भोपाल, दिल्ली, नोएडा, सूरत, बड़ौदा, चंडीगढ़ और गुरुग्राम जैसे बड़े शहरों में आयोजित मेलों में सहभागिता कर समूह ने अपने उत्पादों की विशेष पहचान स्थापित की है। 'महाराणा स्वसहायता समूह' प्रति माह 25 हजार से 30 हजार की शुद्ध आय अर्जित कर रहा है, जिससे वार्षिक आय लगभग 4 लाख तक पहुंच रही है। यह समूह अपनी 10 महिला सदस्यों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, वहीं दस अन्य लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार भी उपलब्ध करा रहा है। 'महाराणा समूह' आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरा है, जो यह संदेश देता है कि सही मार्गदर्शन और शासन के सहयोग

28199 किसानों से 12 लाख 52 हजार 470 क्विंटल गेहूँ की खरीदी : खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल/नवप्रदेश। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 28 ह?ार 199 किसानों से 12 लाख 52 हजार 470 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 10 करोड़ 23 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है। गेहूँ का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 9 अप्रैल से शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि शेष संभागों में 15 अप्रैल से गेहूँ का उपार्जन शुरू किया जायेगा। अभी तक 2 लाख 35 हजार 177 किसानों द्वारा 1 करो? 3 लाख 90 हजार 280

पाइपलाइन विछी है तो पीएनजी कनेक्शन जरूर लें : मंत्री राजपूत

अब तक 2925 स्थानों पर हुई जाँच, 4369 गैस सिलेण्डर किये गये जब्त

भोपाल/नवप्रदेश। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि पीएनजी पाइपलाइन जिन क्षेत्रों में बिछ चुकी है, उस क्षेत्र के उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन जरूर लें। इससे उन्हें गैस सिलेंडर लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गैस की सतत आपूर्ति होगी। उपभोक्ताओं से आग्रह है कि किसी तरह का भ्रम नहीं पालें। पीएनजी पूरी तरह से सुरक्षित है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 2925 स्थानों पर जांच की गई, 4369 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के 753 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है। इसमें 1 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है। भारत में कच्चे तेल (Crude Oil) का पर्याप्त

भण्डार है, देश एवं प्रदेश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं, जिससे पेट्रोलियम पदार्थों की निरंतर सप्लाई हो सके एवं सप्लाई में कोई रुकावट न आए। मध्यप्रदेश और पूरे देश में एलपीजी (LPG) पेट्रोल, डीजल, पीएनजी एवं सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मंत्री श्री राजपूत ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित 70 प्रतिशत सीमा के अधीन संस्थाओं एवं प्रतिष्ठानों को तय किये गये प्राथमिकता क्रम अनुसार सप्लाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिये हैं। यह भी ध्यान रखा जाये कि सड़क पर कारोबार कर रहे छोटे व्यवसायी (स्ट्रीट वेण्डर) को भी उक्त अनुसार कमर्शियल सिलेण्डर प्रदाय किये जायें। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्लांट अतिरिक्त समय (E&tended Hours) तक काम कर रहे हैं। प्रदेश के जिलों में स्थित बॉटलिंग प्लांट तथा वितरकों के पास उपलब्धता एवं प्रदाय की सतत् रूप से समीक्षा की जा रही है। साथ ही माइग्रेन्ट लेबर, छात्रों आदि के लिए खाना पकाने के लिये 05द्मद्द के सिलेण्डेर ऑयल कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आम जनता से अपील की गई है कि वह वैकल्पिक साधनों, जैसे इंडक्शतन,सोलर कुकर, बायो गैस, गोबर धन तथा स्वससहायता समूहों द्वारा उत्पादित गो-काष्ठ का उपयोग करें। वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग को उनके यहां रजिस्टर्ड 44 कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्रोजेक्ट को चालू करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 44 जिलों में 136 बायोगैस प्लांट संचालित होना बताया गया है।

मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही

विगत 7 दिनों में 1 करोड़ 37 लाख से अधिक के मादक पदार्थ एवं संपत्ति जब्त

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के विरुद्ध पुलिस द्वारा की जा रही सख्त कार्रवाई के तहत विभिन्न जिलों में उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त हुई हैं। अलग-अलग जिलों में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 1 करोड़ 37 लाख से अधिक के मादक पदार्थ एवं अन्य संपत्ति जप्त की हैं तथा तस्करी में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

विदिशा

ऑपरेशन क्लीन स्वीप के अंतर्गत विदिशा पुलिस ने एक संगठित अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट के विरुद्ध प्रभावी संयुक्त कार्रवाई करते हुए 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान कुल 92.01 ग्राम ब्राउन शुगर (अनुमानित कीमत 9 लाख 15 हजार रूपए), चार वाहन (मर्सिडीज ष्ट-220, स्विफ्ट डिजायर, मारुति अर्टिगा, सुजुकी एक्सेस) एवं 1 हजार 20 रूपए नगद सहित लगभग 1 करोड़ रूपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। जांच में सामने आया कि यह गिरोह चार स्तरों में संगठित रूप से कार्य कर रहा था।

किंगपिन (मुख्य सप्लायर): यह मुख्य स्रोत था, जो ब्राउन शुगर की थोक सप्लाई करता था।

लोकल वितरक: ये थोक विक्रेता से माल उठाकर शहर में वितरित करते थे।

डिलीवरी एजेंट: इनका कार्य माल को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाना और ग्राहकों से संपर्क करना था।

लॉजिस्टिक टीम: ये माल की सुरक्षित आवाजाही के लिए वाहन और ड्राइविंग का प्रबंध करते थे।

गिरोह राजस्थान से ब्राउन शुगर खरीदकर शहर में बेचते थे। गिरोह द्वारा फोन पे जैसे डिजिटल माध्यम एवं ÷डेड ड्रॉप÷ तकनीक के जरिए कॉन्टैक्टलेस डिलीवरी कर पुलिस से बचने का प्रयास किया जा रहा था।

जबलपुर

क्राइम ब्रांच एवं थाना खितौला पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 20 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (कीमत लगभग 10 लाख रूपए), 02 मोबाइल फोन, 700 रूपए नगद एवं एक टैंकर ट्रक जप्त किया है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इंदौर

क्राइम ब्रांच इंदौर ने एमडी ड्रग्स के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 57.73 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्ष्ठ अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 5 लाख 80 हजार रूपये एवं 01 मोबाइल फोन जप्त किया। इसी प्रकार थाना सदर बाजार पुलिस ने चैकिंग के दौरान MD ड्रग्स की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लाखो रुपये की 12.74 ग्राम एमडी जब्त की है। एक अन्य कार्यवाही में थाना तेजाजी नगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 5.82 किलोग्राम गांजा एवं मोटरसाइकिल सहित 1 लाख 50 हजार की संपत्ति तथा पुलिस थाना छत्रीपुरा पुलिस ने आरोपिया से 3 किलो अवैध मादक पदार्थ

सुविचार

किसी का अहसान कितना भी छोटा क्यों न हो उसे कभी नहीं भूलना चाहिए और अपना अहसान चाहे जितना बड़ा हो कभी जताना नहीं चाहिए।

अमेरिका के जाल में फंसा पाक

अमेरिका और ईरान के बीच शांतिवार्ता विफल हो जाने के बाद से पाकिस्तान की पूरी दुनिया में भद पिट गई है। अमेरिका के दबाव में आकर पाकिस्तान ने किसी तरह ईरान को बातचीत की टेबल पर लाने में कामयाबी हासिल कर ली थी और उसने सोचा था कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता सफल हो जाती है तो पाकिस्तान के सारे पुराने पाप धुल जाएंगे और पाकिस्तान भारत को पछाड़ कर विश्वगुरु की भूमिका में नजर आएगा। किन्तु उसके सारे सुनहरे सपने चूर-चूर हो गए और यह वार्ता विफल हो जाने से अब पाकिस्तान की टेंशन बढ़ गई है। इधर ईरान उसका दुश्मन बन गया है और इजराइल पहले ही पाकिस्तान को सबक सिखाने की चेतावनी दे चुका है। अमेरिका के दबाव में आकर ही पाकिस्तान ने ईरान के खिलाफ सऊदी अरब में मोर्चा संभालने के लिए अपने तेरह हजार सैनिक तथा 18 लड़ाकू विमान भेज दिए हैं। जिसकी तैनाती सऊदी अरब ने ईरान की सीमा के पास की है। गौरतलब है कि इसके पहले भी पाकिस्तान ने सऊदी अरब में दस हजार सैनिक भेजे थे। दरअसल 2025 में पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ एक रक्षा समझौता किया था जिसके तहत यदि कोई देश पाकिस्तान पर हमला करता है तो इसे सऊदी अरब अपने खिलाफ हमला मानेगा और जंग में पाकिस्तान का साथ देगा। इसी तरह यदि कोई सऊदी अरब पर आक्रमण करेगा तो इसे पाकिस्तान भी अपने खिलाफ आक्रमण मानकर लड़ाई में सऊदी अरब का साथ देगा। ईरान और अमेरिका के बीच चली जंग में जब ईरान ने अमेरिका परस्त खाड़ी देशों पर भी बमबारी शुरू कर दी तो इसकी चपेट में सऊदी अरब भी आया और ईरान की मिसाइलों से सऊदी अरब को भारी नुकसान उठाना पड़ा। तब सऊदी अरब ने पाकिस्तान को उनके बीच हुए रक्षा समझौते की याद दिलाई लेकिन ईरान के डर से पाकिस्तान ने सऊदी अरब की कोई मदद नहीं की। इससे नाराज होकर सऊदी अरब ने पाकिस्तान को कर्ज के रूप में जो मोटी रकम दे रखी है उसने उसे वापस मांगना शुरू कर दिया। जिसे चुका पाना पाकिस्तान के लिए असंभव की हद तक कठिन काम है। उसके साथ तो यह कहावत लागू हो रही है कि नंगा नहाएगा क्या और निचोड़ेगा क्या? पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। ऐसे में तो उसे और कर्ज की जरूरत है। इस स्थिति में वह किसी का पुराना कर्ज भला कैसे लौटा सकता है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच समझौता वार्ता विफल हो गई तो सऊदी अरब के दबाव के आगे झुक कर उसे उसकी सैन्य मदद करनी ही पड़ी। नतीजतन अब ईरान से उसने दुश्मनी मोल ले ली है। फिलहाल तो ईरान अभी अमेरिका और इजराइल से दो-दो हाथ करने में लगा हुआ है। लेकिन इससे निपटते ही वह पाकिस्तान की भी खबर लेगा। दरअसल पाकिस्तान की मजबूरी यह है कि वह कर्ज में आकंठ डूबा हुआ है उसके ऊपर 80 लाख करोड़ का कर्जा है जो पाकिस्तान की जीडीपी का 72 प्रतिशत है। पाकिस्तान के प्रत्येक नागरिक के सिर पर 3.35 लाख रुपए का कर्ज है। यही वजह है कि उसने सुपारी लेकर अपने सैनिकों को खाड़ी देशों में भेजना शुरू कर दिया है। उसकी इस हरकत से ईरान किस कदर नाराज है इसका एक उदाहरण कल ही उस समय सामने आया जब तेल लेकर पाकिस्तान जा रहे जहाज को होर्मुज से ईरान ने वापस लौटा दिया। बाद में इस जहाज को ईरान ने भारत के लिए रवाना कर दिया। गौरतलब है कि इसके पहले भी चीन जा रहे 7 जहाज भी भारत भेजे गए थे। यह है भारत की कूटनीतिक सफलता जिसकी नकल करते हुए पाकिस्तान ने होशियारी दिखाने की कोशिश की थी लेकिन अब उसकी परेशानी का सबब बन गई है। यदि ईरान और अमेरिका के बीच जंग होती है जो कि होने की पूरी संभावना है तो निश्चित रूप से अमेरिका ईरान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान की जमीन और पाकिस्तान के एयरबेसों का इस्तेमाल करेगा। ऐसी स्थिति में ईरान की मिसाइलों का मुंह भी पाकिस्तान की ओर घूमेगा और पाकिस्तान के लिए गेहूं के साथ घुन पिसाने वाली कहावत अक्षरशः चरितार्थ हो जाएगी। होर्मुज पर कब्जे को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच जंग के हालात निर्मित हो चुके हैं और यह जंग यदि लंबी चलती है तो दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कराने का ठेका ले चुके पाकिस्तान को भी इस जंग का हिस्सा बनना पड़ेगा और ईरान के खिलाफ सऊदी अरब तथा अमेरिका की ओर से युद्ध लड़ना पड़ेगा। ऐसे में उसे भी ईरान की तोप का भाजन बनना होगा और इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

भारत की जनगणना 2027: बदलते भारत की नई कहानी

हमारी जनगणना–हमारा विकास' के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ तैयार

क्या आपने कभी सोचा है कि आपके घर की छोटी-सी जानकारी—जैसे पानी, बिजली या परिवार के सदस्यों का विवरण—देश के विकास में कितना बड़ा योगदान दे सकती है? दरअसल, हर नागरिक की दी गई जानकारी मिलकर ही भारत के भविष्य की दिशा तय करती है। इसी कड़ी में वर्ष 2027 की जनगणना एक खास पड़ाव बनने जा रही है। यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि बदलते भारत की एक नई कहानी है—एक ऐसी कहानी जिसमें हर नागरिक की भागीदारी है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल अंदाज़ में होगी, जो इसे पहले की सभी जनगणनाओं से अलग और अधिक आधुनिक बनाती है। छत्तीसगढ़ में इस महाअभियान को लेकर तैयारियाँ तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। वातावरण ऐसा है मानो कोई बड़ा जनउत्सव आने वाला हो—और वास्तव में, यह एक ऐसा अभियान है जिसमें हर व्यक्ति की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

रमेश जायभाये,
उपनिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय

कहानी शुरू होती है इतिहास से: भारत में जनगणना की शुरुआत 1872 में हुई थी और 1881 से इसे पूरे देश में व्यवस्थित रूप से लागू किया गया। स्वतंत्रता के बाद 1951 में पहली जनगणना आयोजित हुई, जिसने देश के विकास की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाई। अब वर्ष 2027 की जनगणना इस ऐतिहासिक यात्रा का आधुनिक रूप है। यह न केवल देश की वर्तमान स्थिति का आकलन करेगी, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी तैयार करेगी। छत्तीसगढ़ में यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी—पहला चरण अप्रैल-मई 2026 में और दूसरा फरवरी-मार्च 2027 में आयोजित किया जाएगा। राज्य के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 (रात 12 बजे) निर्धारित की गई है, जिसके आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। अब आपकी बारीः खुद करें अपनी जनगणना! इस बार जनगणना की सबसे रोचक और उपयोगी सुविधा है—स्व-गणना (Self-Enumeration) अब आप स्वयं अपने घर और परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच

https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर और OTP के माध्यम से लॉगिन कर यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। आपसे परिवार के सदस्यों की संख्या, उनकी आयु, शिक्षा, व्यवसाय और घर की सुविधाओं से जुड़े कुछ सरल प्रश्न पूछे जाएंगे। पूरी जानकारी भरने के बाद आपको एक एसई आईडी प्राप्त होगी। जब प्रगणक आपके घर आएंगे, तो केवल यह ID दिखानी होगी और आपकी जानकारी सत्यापित कर ली जाएगी—यानी बार-बार जानकारी

देने की आवश्यकता नहीं होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार के दस्तावेज़ दिखाने की आवश्यकता नहीं होती। आप जो जानकारी देंगे, वही दर्ज की जाएगी। स्व-गणना के प्रति लोगों का रुझान भी तेजी से बढ़ रहा है—देशभर में लाखों परिवार इस सुविधा का उपयोग कर चुके हैं, जो इस डिजिटल पहल की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है।

स्मार्ट तकनीक, सटीक आंकड़े और भरोसेमंद प्रक्रिया

इस बार जनगणना पूरी तरह तकनीक के सहारे संचालित होगी। प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा दर्ज करेंगे, जिससे काम तेज़ और अधिक सटीक होगा। साथ ही, आधुनिक GIS आधारित डिजिटल मैपिंग का उपयोग कर हर क्षेत्र और गणना ब्लॉक को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जा रहा है, ताकि कोई भी घर या व्यक्ति छूट न जाए। डेटा के बेहतर प्रबंधन और निगरानी के लिए उन्नत डिजिटल सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहती है। एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में, इस बार जाति संबंधी आंकड़ों का भी समावेश किया जाएगा, जो दशकों बाद समाज की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत करेगा। जनगणना में समाज के हर वर्ग को शामिल करने का विशेष ध्यान रखा जाता है। इसी के तहत बेघर व्यक्तियों की गणना भी अलग से, विशेष अभियान के माध्यम से की जाती है, ताकि कोई भी नागरिक इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। और जहाँ तक आपकी जानकारी की सुरक्षा का सवाल है—यह पूरी तरह गोपनीय रहती है। इसे किसी अन्य विभाग या एजेंसी के साथ साझा नहीं किया जाता।

छत्तीसगढ़ तैयार, अब आपकी भागीदारी जरूरी

छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियाँ की गई हैं। शहरों से लेकर गाँवों तक, हर क्षेत्र में जनगणना टीम सक्रिय रहेगी, ताकि कोई भी परिवार छूट न जाए। नागरिकों की सुविधा के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 भी जारी किया गया है, जहाँ किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त की जा सकती है। लेकिन इस पूरे अभियान की असली ताकत है—आपकी भागीदारी। जब आप सही जानकारी देते हैं, तो आप केवल एक फॉर्म नहीं भरते, बल्कि अपने क्षेत्र के विकास में योगदान देते हैं। आपकी दी गई जानकारी से ही तय होता है कि कहाँ नई सड़क बनेगी, कहाँ स्कूल खुलेगा और कहाँ स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत है।

आखिर में एक छोटी-सी बात

जनगणना एक आईना है, जिसमें देश खुद को देखता है।
इस बार यह आईना डिजिटल है—तेज़, सटीक और आधुनिक।
और इसमें जो तस्वीर दिखेगी, उसे बनाने में आपका भी योगदान होगा।
तो आइए, इस जनगणना अभियान का हिस्सा बनें—स्व-गणना करें, सही जानकारी दें और देश के विकास की कहानी में अपनी भूमिका निभाएं।

आखिरकार सुनी गई आधी आबादी की आवाज़

आर. विमला
आईएएस
रेजिडेंट कमिश्नर एवं सचिव

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' और भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं का न्यायोचित स्थान' जब महिलाएँ सशक्त होती हैं, तो भारत मजबूत होता है। घर की गरिमा से लेकर संसद में समान आवाज़ तक, यह एक नए और आत्मविश्वास से भरे भारत की परिकल्पना है। – **प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी**

भारत की महिलाएँ सदैव महान कार्यों में सक्षम रही हैं। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेयी ने बड़े-बड़े दार्शनिकों को निरुत्तर कर दिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर ने जिस न्यायपूर्ण तरीके से अपने राज्य का शासन चलाया, उसकी बराबरी उनके समकालीन शासक नहीं कर सके। रानी लक्ष्मीबाई साहस की एक अमर मिसाल बन गईं। फिर भी, स्वतंत्र भारत—जो समानता के सिद्धांत पर आधारित एक संवैधानिक गणराज्य है ने इन महान महिलाओं की उत्तराधिकारियों को अपनी विधायिकाओं में शायद ही कोई जगह दी। पहली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 4.4 प्रतिशत थी। सात दशक बाद, 17वीं लोकसभा में भी यह आंकड़ा बढ़कर केवल 14.4 प्रतिशत तक ही पहुँच पाया। व्यक्तिगत प्रतिभा ने तो अपनी जगह बना ली थी, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव अभी भी नहीं आया था। असल में, महिलाएं अपने ही लोकतंत्र में एक तरह से 'मेहमान' बनकर ही रह गईं। हमारे संविधान ने पहले ही दिन से यह स्वीकार किया था कि जब सदियों से ढांचागत विसंगतियां जड़ जमाए बैठी हों, तो केवल औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं होती। 'संरक्षणात्मक भेदभाव' के सिद्धांत के तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बाद में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था सफल रही हैः 24 मार्च 2026 तक, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों में से लगभग 49.75 प्रतिशत महिलाएँ हैं। जिन जगहों पर महिलाएँ शासन

करती हैं, वहाँ पानी की आपूर्ति सुचारू होती है, साफ़-सफाई की स्थिति बेहतर होती है और लड़कियाँ स्कूल जाना जारी रखती हैं। इसके बावजूद, संसद में भी इसी सिद्धांत को लागू करने के उद्देश्य से जो विधेयक पेश किए गए थे, वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में दशकों तक बार-बार निष्प्रभावी होते रहे।

वह क्षण जिसने सब कुछ बदल दिया –

वह अधूरी कड़ी 19 सितंबर 2023 को पूरी हुई। भारत के नए संसद भवन में आयोजित कामकाज के पहले ही सत्र में, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के सर्वसम्मत समर्थन से पारित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक पेश करते हुए दोनों सदनों को बताया: ÷यह कानून केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय महिला की शक्ति, त्याग और सामर्थ्य के प्रति एक श्रद्धांजलि है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप-कोटा भी शामिल है। नए संसद भवन का यह पहला अधिनियम होना अपने आप में एक घोषणा थीः अमृत काल के लोकतंत्र की संरचना पूरे भारत के लिए और सभी की भागीदारी के साथ निर्मित की जाएगी। इस अधिनियम में बदलाव लाने की अपार क्षमता है, क्योंकि इसके लागू होने से संसद में महिला सदस्यों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। महिला विधायक निरंतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं—ये वही क्षेत्र हैं, जहाँ भारत में लैंगिक असमानता सबसे अधिक है। एक ऐसी संसद, जिसमें एक-तिहाई सदस्य महिलाएँ होंगी, वह अलग तरह के प्रश्न पूछेगी और अलग तरह के विचार सुनेगी। इससे भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, न कि केवल उसकी बाहरी छवि में।

गरिमा से लोकतंत्र तक की यात्रा

हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह समझा है कि ज़मीनी स्तर पर सशक्तिकरण के बिना राजनीतिक सशक्तिकरण खोखला होता है। उनके द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अत्यंत बुनियादी गरिमा से लेकर सर्वोच्च लोकतांत्रिक भागीदारी तक एक सुविचारित पथ पर आगे बढ़ती है। इसकी शुरुआत एक शौचालय से हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए 10 करोड़ घरेलू शौचालयों ने उन महिलाओं को सुरक्षा और आत्म-सम्मान लौटाया, जिन्हें लंबे समय से इन दोनों से वंचित रखा गया था। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुँचाया। महिलाओं को मीलों पैदल चलकर पानी ढो कर लाने से मुक्ति मिली जिससे उनका सुबह का कीमती समय जाया हो जाता था।

'पीएम उज्ज्वला योजना' के 10.56 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों ने महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई। पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए। 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले जन धन खातों ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की। 'मुद्रा' योजना के ऋण, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी, सखी, वन स्टॉप सेंटर और तीन तलाक का उन्मूलनः प्रत्येक योजना उसी सीढ़ी का अगला पायदान थी, जो उन्हें केवल गुज़ारा करने की स्थिति से गरिमा की ओर, गरिमा से सामर्थ्य की ओर, और सामर्थ्य से नेतृत्व की ओर निरंतर बढ़ाती गई।

सद्गुरू ब्रोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ उचित समय पर उचित निर्णय लेकर वही कर्म करना चाहिए जो सत्ता पोषक हों, जो आनंद के पोषक हों। मैं तुम्हें प्यार करता हूं तो तुम समझना मैं प्यार के ही योग्य हूं। मेरे गुरूजी के योग्य हूं मैं, गुरूजी मुझसे प्रेम करते है। योग्यता पर अहंकार मत करना, कहना वो कौन-कौन सी चीज है जो मेरे गुरूजी को इतना प्यारा लगता है मुझ में? मैं और वर्धन करूंगा जीवन में इसका। सकारात्मक भाव में लेकर अपने भीतर के सद्गुणों का और विकास करना, जिस कारण से मुझे प्रेम करते हैं वह।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 15 अप्रैल की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्म हैं:-1817- अमेरिका में पहला स्कूल बधिर बच्चों के लिए खोला गया। 1820- वुर्टेमबर्ग के राजा विलियम-I ने अपने चचेरे भाई पॉलिन थेरेसे से स्टटगार्ट में शादी की। 1840-किंग्स कॉलेज अस्पताल लंदन में खुला। 1847-लॉरेंस स्कूल सानवार की स्थापना की गयी। 1877-टोक्यो विश्वविद्यालय आधिकारिक तौर पर जापान में स्थापित किया गया। 1892-जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी न्यूयॉर्क में स्थापित की गयी। 1895-लोकमान्य तिलक द्वारा रायगढ़ किले में पहला शिव जयंती समारोह शुरू हुआ। 1912- यात्री लाइनर आरएमएस टाइटैनिक एक हिमशैल से टकराने के बाद लगभग दो घंटे और चालीस मिनट में डूब गया, जिसमें 1,500 से अधिक लोग मारे गए। 1922- अमेरिकी सीनेटर जॉन बी केंड्रिक ने एक गुप्त भूमि सौदे की जांच के लिए एक प्रस्ताव पेश किया, जिसके कारण चायदोट डोम घोटाले की खोज हुई। 1922- महान पूडल डॉग रेस्तरां सैन फ्रांसिस्को में बंद किया गया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

घर में एक कुर्सी खाली है। पर सच ये हैज वो सिर्फ कुर्सी नहीं है। वो किसी की हँसी है। किसी की बातें हैं। किसी की मौजूदगी है। लोग कहते हैं– हटा दो इसे पर कुछ चीज़ें हटाई नहीं जातीं। क्योंकि वो सिर्फ चीज़ें नहीं यादें होती हैं। हर खालीपन बुरा नहीं होता। कुछ हमें ये याद दिलाने के लिए होता है। कि कभी वहाँ कोई अपना था? अगर किसी की कमी आज भी महसूस होती हैज तो जरूर छोड़ना।
रेणू सिंघल

ना समंदर से गहरे हैं हम, ना समंदर से विशाल कायाज वो समंदर भी इसी जमी पे बैठा है, फिर किस बात का हमें गुमानज ना सूरज से ज़्यादा है तेज हममें, ना चमक ना गर्मी उससे ज़्यादा, वो भी नंगे बदन है जो है प्रत्यक्ष नारायण, फिर किस बात का हमें गुमान। **राकेश मिश्रा**

अगर हम रास्तों की मुश्किलों से डर गए होते। तो फिर मंज़िल से पहले ही किनारा कर गए होते।। भला हो इस ज़माने का जो पत्थर कर गया वरना। कमल न जाने अश्क़ से कितने सागर भर गए होते।। दुआओं ने किसी की ही सँभाला है हमें वरना। असर हम पर भी ये तूफ़ान अब तक कर गए होते।। ज़माने भर की ठोकर खा के उसके दर पे आए हम। जो पहले आ गए होते तो अब तक तर गए होते।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो। **कमलकांत डोंगरे**

राज्य सभा सांसद राघव चड्ढा द्वारा संसद में मोबाइल कंपनियों की 28 दिन के महीने पर आपत्ति किए जाने के बाद जियो ने 28 दिन की वैलेडिटी के बदले एक महीने की वैलेडिटी कर दी है जैसा कि मैसेज में भी दिखाई दे रहा है....जनता के मुद्दों को उठाने का माद्दा होना चाहिए, सुनवाई तो। होगी ही... धन्यवाद राघव जी। **सुरेश कुमार छत्रिय**

आज सुबह सूरज कुछ उदास सा लगा बिल्कुल चुपचाप शांत सौम्य पर धिरे धिरे बढ़ रही थी तपिश मानो भितर जल रहा सब आना चाहता हो और बढ़ती जा रही है तपिश भी तेज और तेज होता जा रहा है मानो जला देना चाहता हो सब और गढ़ना चाहता है एक नयी सुंदर दुनिया एक साधारण इंसान का क्रोध मानो इस बार सब बदल देना चाहता है और चाहता है एक सुंदर स्वस्थ समाज आज कल की परिस्थितियों पर डेज़ी यूँ ही सुबह सुबह की सोच...एँवई। **डेजी जायसवाल**

एक जैसा ही था उन दोनों का ढह जाना आज ही मेरे घर के सामने वाली खिड़की वीरान हो गयी सूखते पेड़ की चरमराती शाखा सी अटकी पड़ी थी कहीं अपनी ही टहनियों के मध्य चरमराती साँसो के साथ ऊबड़-खाबड़ कितनी ही तूफ़ानी रातों की गवाह। कोमा की स्थिति में पड़ा बरसों से तन-मन ढह जाना ही नियति। अद्भुत कोई क्यों था लेकिन प्रतीक्षारत?
सरिता खोवाला

दिल से दिल के मेल में आ गये हम जेल में दिल मिला, नज़रें मिलीं वो मिली जब रेल में प्यार होता है नहीं ये कभी भी खेल में दिल जला जब प्यार में भुन गये हम तेल में इम्तिहाँ देते रहे नाम मेरा फेल में ज़िन्दगी जीती नहीं आज भी है टेल में अब गुज़रता वक़्त है रोज़ ठेलमठेल में हाल 'ऐनुल' ये है अब मैं पड़ा हूँ सेल में।
'ऐनुल' बरौलवी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहेगी हाथ में लिए अनुबंध समय पर पूर्ण नहीं करने के कारण आलोचना हो सकती है।

वृषः रोजगार के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा। सार्वजनिक क्षेत्र से शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

मिथुनः आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज कई दिनों से लटके किसी अनुबंध के आगे बढ़ने से धन लाभ की कामना अधूरी रहेगी।

कर्कः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पहले भाग में आर्थिक दृष्टिकोण से संतुष्टि रहेगी। कार्य क्षेत्र पर बिक्री बढने से धन की आमद होगी। व्यक्तित्व का भी विकास होने से सामाजिक छवि बेहतर बनेगी।

सिंहः आज दिन के पूर्वार्ध में आपको परिश्रम के अनुसार फल ना मिलने से मानसिक पीड़ा हो सकती है। दिमाग में नए-नए विचार आने से किसी ठोस निर्णय लेने में परेशानी होगी।

कन्याः आज का दिन आंशिक शुभ रहेगा। पुरानी गलतियों या व्यवहार की कमी के कारण आज मन में ग्लानि रहेगी। सेहत भी आज थोड़ी विपरीत रहने से मन की बहुप्रतीक्षित इच्छा अधूरी रह सकती है।

तुलाःआज का दिन भी अस्तव्यस्त रहने से मनोकामना अधूरी रह सकती है। मध्यान तक जोखिम वाले कार्यो से बचने का प्रयास करें अन्यथा परेशानी में पड़ सकते है।

वृश्चिकः आज के दिन भी ग्रह स्थिति घर बाहर उथल पुथल कराएगी में आपको घरेलु मामलो में विशेष सावधानी बरतने की आयवश्यक रहेगी। रूठने-मनाने में दिन का कुछ भाग व्यर्थ हो सकता है।

धनुः आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। अतिरिक्त आय होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन के स्त्रोत्र बढ़ेंगे लेकिन आज हाथ खुला रहने से भविष्य में बड़े खर्च की योजना भी बनेगी।

मकरः आज दिन का पहला भाग आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक रहने से धन की कमी अनुभव होगी महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर कीसी से कर्ज लेने की नौबत भी आ सकती है।

कुंभः आज आप कार्यो की भरमार रहने के कारण भ्रमित हो सकते है। परिश्रम का उचित फल नहीं मिलेगा दोपहर तक कार्यो में व्यवधान आने से निराश रहेंगे।

मीनः आज के दिन आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी कार्य क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने के बाद भी अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) मिल्कवीड पौधा मुख्य रूप से किस राज्यों में पाया जाता है?

2) महाकुंभ मेला 2025 के दौरान भक्तों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किए गए चैटबॉट का नाम क्या है?

3) किस राज्य सरकार ने वन्यजीव अपराधों को रोकने के लिए 'गरुड़ाक्षी' ऑनलाइन एफआईआर प्रणाली शुरू की है?

4) नाटोर भूमि शब्द का क्या अर्थ है?

5) भारत ने अपनी पहली हाइड्रोजन-चालित वॉटर टैक्सी सेवा किस शहर में शुरू की?

उत्तरमाला- (1) राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु (2) कुंभ सहायक (3) कर्नाटक (4) सरकार के स्वामित्व वाली बंदर या बंदरगाह उपयोग के लिए आवंटित की जाती है (5) वाराणसी

पहेली

शब्द सामर्थ्य -008

(भागवत मधु)

खाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, सायक पुत्र 7. ताकतवर, फलशाली 9. खुशबू, सुगंधि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. घाव 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, नाटा, बौना 18. सांप का सिर, मुख, काला, कौशल 20. निरंतर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पॉकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेल जीतने का पेंच 4. औषधालय 6. गुत्थि, उपाय 8. गोला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 007 का हल

गांव चलो, बस्ती चलो अभियान

धमधा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे देशव्यापी 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत धमधा भाजपा मंडल में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने ग्राम हीरेतरा, राजपुर एवं बिरझापुर में घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई। इस दौरान साजा विधायक ईश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके अनुभव भी जाने। विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि एवं हर घर नल-जल योजना जैसी प्रमुख योजनाओं के बारे में ग्रामीणों से चर्चा की तथा उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ली।

अभियान के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ एवं पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। विधायक ईश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल द्वारा उन्हें श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ग्राम हीरेतरा, राजपुर एवं बिरझापुर के विभिन्न क्षेत्रों एवं मंदिर परिसरों में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिससे स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। विधायक ईश्वर साहू ने इस अवसर पर ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अंत्योदय की भावना के साथ समाज सेवा के लिए समर्पित है।

कार्यक्रम में मंडल महामंत्री बनउं वर्मा, छगन साहू, मंडल उपाध्यक्ष कोमल मरकाम, मनीषा ताम्रकार, मनोज साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्वेता शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष बलदाऊ पाल, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष हर्ष साहू, स्स्त्र मोर्चा अध्यक्ष नरोत्तम मंडावी, युवा मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र साहू, स्ष्ट मोर्चा अध्यक्ष छत्रपाल चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश चंद्र साहू, युवा मोर्चा जिला महामंत्री आरुणि दानी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गैस सिलेंडर नहीं मिला, रिकॉर्ड में दिखा डिलीवरी

■ नंदई के गरीब परिवार की परेशानी बढ़ी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के नंदई क्षेत्र में रहने वाले एक गरीब परिवार को गैस सिलेंडर नहीं मिलने के बावजूद रिकॉर्ड में डिलीवरी दिखाए जाने का मामला सामने आया है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नंदई निवासी श्री हुकुम जी, जो पेशे से हमाल हैं, ने अपनी गंभीर समस्या साझा करते हुए बताया कि उनके घर में उनकी माता जानकी बाई के नाम से गैस कार्ड बना हुआ है। उन्होंने 31 तारीख को गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग कराई थी, जिसके लिए ओटीपी भी जनरेट हुआ था, लेकिन आज तक उन्हें सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि उनके गैस कार्ड में वर्ष 2028 और 2029 तक की मैनुअल एंट्री दर्ज कर दी गई है, जो पूरे मामले को संदिग्ध बनाती है। वहीं गैस एजेंसी का दावा है कि 5 तारीख को सिलेंडर की डिलीवरी कर दी गई है और अब अगली बुकिंग 25 दिन बाद ही संभव होगी।

वास्तविक स्थिति यह है कि हुकुम जी का परिवार आज भी गैस सिलेंडर के अभाव में लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर है। कई दिनों से गैस के बिना गुजर-बसर कर रहा यह परिवार बेहद कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहा है।

मामले की जानकारी मिलने पर संबंधित जनप्रतिनिधि स्वयं पीड़ित के घर पहुंचे और परिवार से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को फोन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। अब देखना होगा कि इस गंभीर मामले में प्रशासन क्या कार्रवाई करता है और क्या गरीब आदिवासी परिवार को न्याय मिल पाता है या नहीं।

न्यूज गैलरी

महासमुंद में मनाया विश्व होम्योपैथिक दिवस, महात्मा हैनीमैन को किया नमन

महासमुंद / नवप्रदेश। होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक महात्मा हैनीमैन की जयंती 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ होम्योपैथ डॉ. एम.एल. गोलदार के क्लीनिक में शहर के होम्योपैथिक चिकित्सकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम में डॉ. सुखलाल साहू, डॉ. अभिषेक साहू, डॉ. लोमश आनंद, डॉ. मीनाक्षी कश्यप, डॉ. अनिल अग्रवाल, चंद्रशेखर साहू एवं विष्णु प्रसाद मिश्रा सहित अन्य चिकित्सकों ने महात्मा हैनीमैन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान डॉ. एम.एल. गोलदार ने महात्मा हैनीमैन के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी में हुआ था। उन्होंने एमडी की पढ़ाई के बाद पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को छोड़कर एक नई उपचार प्रणाली विकसित की, जिसे होम्योपैथी नाम दिया गया। इस पद्धति से उन्होंने कई जटिल और असाध्य रोगों का सफल उपचार किया।डॉ. मीनाक्षी कश्यप ने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति आज लोगों के बीच तेजी से विश्वास कायम कर रही है। इसमें रोगी के धैर्य और नियमित उपचार से बेहतर परिणाम मिलते हैं तथा दवाइयों के दुष्प्रभाव भी नगण्य होते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने होम्योपैथी के महत्व और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया।

आप की बैठक में संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान पर जोर

महासमुंद / नवप्रदेश। संगठन विस्तार को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) महासमुंद विधानसभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश सह सचिव संजय यादव एवं जिलाध्यक्ष राकेश झाबक विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि पार्टी इस बार छत्तीसगढ़ के हर जिले में पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। इसके लिए प्रदेशभर में सदस्यता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति कर गांव-गांव तक पहुंच बनानी होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा के दौरान दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल की जानकारी देकर लोगों को पार्टी के प्रति जागरूक किया जाएगा।प्रदेश सह सचिव संजय यादव ने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा के स्तर में सुधार के उद्देश्य से कॉलेजों में भी यूथ विंग का विस्तार किया जाएगा। जिला महासचिव मधुराम यादव ने बताया कि आम आदमी पार्टी जिले में पहले से ही मजबूत स्थिति में है और आगामी सभी चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारने के लिए तैयार है। बैठक में तुलुराम ध्रुव, अजीम खान, अगेश्वर यादव, पूनाराम निषाद, मोहन साहू, मेघा चंद्राकर, सीता दीवान, भागवत साहू, अजय टोंद्रे, हेमलाल साहू, राजेश तिवारी और लुकेश्वर सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंडी उपनिरीक्षक भर्ती तैयारी को धार देने नवकिरण अकादमी में अंतिम मेगा टेस्ट आयोजित

महासमुंद / नवप्रदेश। नवकिरण अकादमी में मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए चार टेस्ट सीरीज के अंतर्गत चौथा एवं अंतिम मेगा टेस्ट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।जिला समन्वयक डी. बसंत साव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेगा टेस्ट-04 को मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। इसमें कुल 100 अंकों के 100 प्रश्न शामिल थे, जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, गणित, रीजनिंग, भारतीय इतिहास, भूगोल, भारतीय संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, समसामयिक घटनाएं, छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान तथा कंप्यूटर जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया।उन्होंने बताया कि इस तरह का समग्र प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसा अनुभव प्रदान करता है। टेस्ट सीरीज का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नियमित अभ्यास की आदत विकसित करना, समय प्रबंधन में सुधार लाना तथा परीक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना है।

महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बूथ कमेंटी गठन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया जिसमें बूथ कमेटी गठन एवं पंचायत कमेटी गठन को लेकर चर्चा की गई ब्लॉक अध्यक्ष आशीष वर्मा एवं सभी मंडल अध्यक्षगण ने बूथ गठन के संबंध में जिला प्रभारी विनोद चंद्राकर एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे को जानकारी दी, जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओ ने सभी कार्यकर्ताओं को एक जूट और संगठन में ईमानदारी से काम करने के निर्देश दिए ।

नारी शक्ति अधिनियम के तहत देशभर में होंगे कार्यक्रम

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिला सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम

धमतरी/नवप्रदेश। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने पर देशभर में उत्सव मनाने की तैयारी है। इसी कड़ी में धमतरी जिले में भी वृहद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसे लेकर सोमवार को महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू,किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पिंकी शिवराज शाह ने जिला कार्यालय में बैठक ली और तैयारियों की समीक्षा की। सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा, यह अधिनियम महिलाओं के लिए ऐतिहासिक सौगात है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत की महिलाओं के लिए सिर्फ अवसरों के द्वार नहीं खोलता, बल्कि सत्ता के केंद्र को अधिक समावेशी बनाता है। वर्षों से नीति निर्माण में महिलाओं की आवाज़ सीमित रही है। यह अधिनियम उस स्थिति को बदलते हुए महिलाओं को निर्णय लेने की

प्रक्रिया में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करता है। इससे शासन अधिक संतुलित, संवेदनशील और जन-आकांक्षाओं के अनुरूप बनेगा। वहीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा महिला नेतृत्व अपने साथ जमीनी अनुभव और दृष्टिकोण लेकर आता है, चाहे वह स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा या आर्थिक सशक्तिकरण का विषय हो। उनकी बढ़ती भागीदारी न केवल नीतियों को प्रभावित करेगी, बल्कि देशभर की लाखों बेटियों को आगे बढ़ने और नेतृत्व करने की प्रेरणा भी देगी।यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो भारत और अधिक मजबूत, न्यायसंगत और प्रतिनिधिक बनता है।धमतरी में होने वाले कार्यक्रम में मातृशक्ति की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पिंकी शाह ने कहा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है।

अर्चना चौबे को इस कार्यक्रम के प्रभारी एवं प्रेमलता नागवंशी को इस कार्यक्रम की सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है,इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता यादव,जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा, कविता यादव मंडल अध्यक्ष पूजा कुंजाम, संगीता जगताप, दमयंती गजेंद्र, आशा लोधी, रितिका यादव, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, भारती साहू, चंद्रभागा साहू, सुशीला तिवारी, अनीतासोनकर, रीता बंजारे आदि उपस्थित रहे।

कुंभकार समाज का वार्षिक अधिवेशन में अभयलाल कुंभकार बने जिलाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज जिला महासमुंद का वार्षिक अधिवेशन गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार चक्रधारी ने की। अधिवेशन में मंडल अध्यक्ष आरंग देवनाथ साहू, वरिष्ठ पदाधिकारी कृष्ण कुमार भारद्वाज, गणेशराम साहू, आरंग नगर पालिका अध्यक्ष संदीप जैन, जनपद सदस्य लीला लच्छन निषाद, पारागांव सरपंच अंजू शशिकांत बंजारे, उपसरपंच राधेलाल निषाद, सरपंच खुशबू राहुल प्रजापति सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। इसके साथ ही कुंभकार समाज छत्तीसगढ़ के महामंत्री हेमलाल कौशिक, उपाध्यक्ष आत्माराम प्रजापति, निर्वाचन अधिकारी रतनलाल चक्रधर, वरिष्ठ सलाहकार कैलाश प्रजापति, बीपी चक्रधर, दौवाराम कुंभकार, लखन लाल कुंभकार, प्रवक्ता अखिलेश प्रजापति, कार्यालय प्रभारी रूपेश कुमार चक्रधारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी लुमेश चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

जन्मदिन समारोह में शामिल हुए महापौर

धमतरी/नवप्रदेश। नगर के अनेक समाज जन, विभिन्न सामाजिक संस्था, समिति, वरिष्ठ नागरिक सहित मॉर्निंग ग्रुप के सदस्यों द्वारा आज इनडोर स्टेडियम में महापौर की उपस्थिति में समाजसेवी गणेश राव पवार का 82 वा वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया।

उनका जन्मदिन पूर्णत: सनातनी ढंग से मनाया गया, सर्वप्रथम श्री राम चन्द्र जी के तैल चित्र पर सबकी उपस्थिति में विप्रजन द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर, पवार जी का पुष्पहार से सभी ने स्वागत किया,उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर सभी ने ईश्वर से उनकी शतायु होने की प्रार्थना कर,सभी लोगों ने बारी बारी से महापौर जी का स्वागत किया।

इस अवसर पर योगेश फाउंडेशन के संरक्षक भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि, संभवत: यह पहला कार्यक्रम व अवसर है जब बिना किसी मांग के हम सभी ने रामू जी को इस आयोजन के अतिथि बनाया गया आज इस शुभ अवसर पर हम नगर के प्रति समर्पण भाव से सरल एवं सहज भाव से मिलनसार व्यक्तित्व के धनी को हम सभी भरपूर आशीर्वाद देते हुए उनसे आग्रह करते है कि, पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने जून,जुलाई में इनडोर स्टेडियम में महापौर के हाथों,नगर के प्रबुद्ध, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में योगेश फाउंडेशन द्वारा वृहद वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा।

इसी कड़ी में वरिष्ठ नागरिक एवं समाज सेवी शत्रुघ्न प्रसाद पांडे द्वारा भविष्य में लगाए जाने वाले पौधों की देख रेख, सुरक्षा की जवाब दारी सभी लोगों के सहयोग से किए जाने का संकल्प लिया गया।

होप कोचिंग सेंटर की समर क्लासेस शुरू

■ पढ़ाई के साथ एक्टिविटी और पिकनिक से बच्चों में दिखा उत्साह

गरियाबंद/नवप्रदेश। शहर के होप कोचिंग सेंटर में समर क्लासेस की शुरुआत हो चुकी है, जहां बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सर्वांगीण विकास का अवसर दिया जा रहा है।

कोचिंग सेंटर के शिक्षकों द्वारा बच्चों के लिए इंग्लिश क्लासेस, पेंटिंग, आर्ट एवं अन्य एक्टिविटी क्लासेस का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बच्चों की प्रतिभा को निखारने में मदद मिल रही है।

रविवार को समर क्लासेस के अंतर्गत सभी बच्चों को साईं मंदिर गार्डन पिकनिक के लिए ले जाया गया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें खेल, संगीत, समूह गतिविधियां और आपसी मेल-जोल शामिल रहा। पूरे दिन बच्चों ने जमकर आनंद लिया और सीखने के साथ मनोरंजन का भरपूर अनुभव प्राप्त किया। शिक्षिका ज्योति सचिन ने बताया कि समर क्लासेस का उद्देश्य बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाना है। उन्होंने कहा कि इंग्लिश, पेंटिंग, आर्ट जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित होते हैं।उन्होंने आगे कहा कि पिकनिक जैसे आयोजन बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में आपसी मेल-जोल बढ़ता है और वे पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन का भी आनंद लेते हैं।

'वार्ड चलो अभियान' में जुटे कार्यकर्ता, योजनाओं की दी गई जानकारी

महासमुंद। भाजपा के स्थापना दिवस से प्रारंभ हुए 'वार्ड चलो अभियान' के तहत शहर के वार्ड-01, 14 एवं 16 का संयुक्त कार्यक्रम शंकरनगर स्थित गौरा चौक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रलय थिटे, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी एमआर विश्वनाथन, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी

एवं शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका उपस्थित रहे। इसके अलावा जोन प्रभारी एवं वरिष्ठ शहर उपाध्यक्ष झनकराम साहू, जोन संयोजक राकेश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष सुधा साहू, बूथ प्रभारी दुर्गा सार्वा, पलास यादव, हेमलता केशरवानी सहित कई पदाधिकारी मंचासीन रहे।

हमर शीतला माता रानी सागर तालाब की 100 वर्ष बाद हो रही सफाई

धरसीवां / कूंरा । नगरपंचायत कुंवरगढ़ कूंरा तालाबों के नाम से प्रसिद्ध है यहां के बुजुर्गों के बताए अनुसार 6 कोरी 6 तालाब बताए जाते है और इन तालाबों के सुरक्षित रहते कुंवरगढ़ कूंरा के लोगो को कभी भी पेय जल पानी एवं निस्तार व्यवस्था की दिक्कत नहीं होने की बात नगर के बुजुर्गों ने मीडिया से बात चित में कही पर उन लोगों ने यह भी गुहार लगाई कि हमारे नगर के समस्त 6 कोरी 6 आगर तालाब जो दू की आवाज बनी हुई है उसे बचा के रखने के लिए नगर के चारों दिशा में बसे तालाब को हर वर्ष कम से कम 2 तालाबों की

सफाई कर सभी तालाबों की संरक्षित करने की बात कही गई है । इसी बात को लेकर कुंवरगढ़ के नागरिकों के द्वारा अपना बहुमू ल्य मत देकर नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू एवं उपाध्यक्ष राजा भैया के सहित समस्त पार्षदों के ऊपर बागडोर सौंपा गया है । वहीं नगर प्रमुख अध्यक्ष गोविंद साहू , उपाध्यक्ष राजा भैया सहित समस्त पार्षदगणों ने जो नगर के प्रमुख तालाबों की सफाई का बीड़ा उठाया है उनके लिए नगर के सभी नागरिकजनों में काफी उत्साह देखा जा रहा है ।

साथ ही जिस रानी सागर तालाब की सफाई हो रहा है उनमें साहू समाज एवं नागरिकों के सहयोग द्वारा कम से कम दो करोड़ की लागत से बीच तालाब के अंदर माता शीतला जी की मंदिर निर्माण कर मूर्ति स्थापित करेंगे , तो वहीं नगर के सतनाम समाज द्वारा जो उनके पूर्वजों से तालाब के बीच में खड़ा किए खंबे जो टूट गया था उनका आज सोमवार को तालाब के बीचों बीच नया जयत खम्भ खड़ा किए जाएंगे।

अभियान चलाकर दी जा रही केन्द्र और राज्य की योजनाओं की जानकारी

हर भारतीय की सेवा करना भाजपा का संकल्प : अंजय

धरसींवा / कूंरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के अंतर्गत धरसींवा एवं तिल्दा मंडल में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान धरसींवा मंडल के ग्राम धरसींवा एवं परसतराई तथा तिल्दा मंडल के ग्राम सरोरा और सड्डू में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय

स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल संकल्प देश के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित करेंगे।

इस अवसर पर अंजय शुक्ला ने महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले को स्मरण करते हुए उनके सामाजिक योगदानों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बालिकाओं के लिए प्रथम विद्यालय की स्थापना तथा सत्यशोधक समाज के गठन जैसे ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया तथा स्वयं झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

धमधा-देवरी-घोटवानी,पेंड्रावन में कांग्रेस की मंडल बैठक संपन्न

धमधा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत कांग्रेस कमेटी धमधा में अंतर्गत देवरी ,घोटवानी ,धमधा,पेंड्रावन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी मंडल पदाधिकारियों का गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना रहा, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी तथा नगरीय क्षेत्रों में वार्ड कमेटी और बूथ कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया।

कलेक्टर सख्त, लापरवाही पर दो सीएमओ का वेतन रोकने के साथ नोटिस जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं, जनगणना कार्य, अधोसंरचना विकास एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणाममूलक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्व-गणना, मकान सूचीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यों में तेजी लाने निर्देशित किया। उन्होंने फील्ड ट्रेनर की सूची तैयार करने, प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने तथा जनगणना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए वाल राइटिंग एवं जागरूकता अभियान चलाने को कहा। साथ ही सभी चार्ज अधिकारियों को मकान सूचीकरण का प्रमाण प्रस्तुत करने तथा एक विस्तृत एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जरहागांव एवं बरेला में सड़क पर मवेशियों की समस्या और साफ-सफाई की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित सीएमओ को नोटिस जारी करने एवं वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही दोनों क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति सुधारने निर्देशित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा करते हुए खुड़िया में स्वास्थ्य केंद्र उन्नयन, लोरमी में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास निर्माण एवं भालापुर-अचानकपुर सड़क को बारिश से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने

छात्रावास हेतु भूमि चयन शीघ्र पूर्ण करने तथा मोतिमपुर, जरहागांव एवं सेतगंगा में अर्बन पीएचसी शीघ्र प्रारंभ करने तथा सीएम जनदर्शन अंतर्गत लंबित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में समाधान सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने आधार पंजीयन एवं एमबीयू की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमसी को प्रतिदिन प्राचार्यों से समन्वय कर पंजीयन एवं रि-वैलिडेशन सुनिश्चित करने तथा निजी स्कूलों में भी कड़ाई से पालन कराने तथा कमजोर प्रगति वाले स्कूलों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गर्मी के मद्देनजर हीट वेव प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पेयजल की समुचित व्यवस्था, बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ दिलाने हेतु जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विस्थापन से जुड़े मामलों पर चर्चा करते हुए 93 संभावित प्रभावित परिवारों का सर्वे कर उनकी आवश्यकताओं का आकलन करने तथा सड़क, बिजली, जलापूर्ति एवं कृषि भूमि की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

न्यूज गैलरी

एसएनजी कॉलेज में गूंजे बाबा साहब के आदर्श

मुंगेली/नवप्रदेश। एस.एन.जी. महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अंबेडकर जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को सामाजिक एकता, समरसता एवं सद्भाव बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मन्नाराम पटेल जी ने अपने संबोधन में अंबेडकर जी के जीवन, उनके संघर्ष एवं समाज सुधार में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी गोचंद पटेल जी ने की। इस दौरान स्वयंसेवकों में राहुल मल्लाह, आकाश, करीना, हेमलता, मनीषा, प्रीति, भूपेंद्र, केशव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पूर्व में लगाए गए पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड की व्यवस्था की गई तथा पौधों को नियमित रूप से पानी देने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

एक साल में हुए 3,602 सुरक्षित प्रसव स्वास्थ्य सेवाओं में आया बड़ा सुधार

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय में निरंतर बेहतर हो रही सुविधाओं के चलते अब जिले की महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन में यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का संकेत है, बल्कि शासन की जनहितकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन का भी प्रमाण है। जिला चिकित्सालय मुंगेली के 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल ने बीते एक वर्ष में सुरक्षित मातृत्व एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 की अवधि में अस्पताल में कुल 03 हजार 602 प्रसव सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए, जो जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और चिकित्सा टीम की दक्षता को दर्शाता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कुल प्रसवों में 02 हजार 405 सामान्य प्रसव एवं 01 हजार 190 ऑपरेशन (सी-सेक्शन) के माध्यम से प्रसव कराए गए। इसके साथ ही 01 हजार 28 महिलाओं को पीपीआईयूसीडी की सुविधा प्रदान कर परिवार नियोजन को बढ़ावा दिया गया। विशेष रूप से 02 हजार 114 उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं का सफल प्रबंधन कर जच्चा-बच्चा दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई, जो चिकित्सा टीम की विशेषज्ञता और समर्पण को रेखांकित करता है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि अस्पताल में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा स्मृति लाल, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार बेलदार, चिकित्सा अधिकारियों, लेबर रूम स्टॉफ, ऑपरेशन थिएटर (ओ.टी.) स्टॉफएवं पीएनसी स्टॉफकी टीम ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए सुरक्षित प्रसव सेवाएं प्रदान कीं। इसके साथ ही 01 हजार 190 महिलाओं की नसबंदी कर परिवार कल्याण कार्यक्रम को भी प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया गया। सिविल सर्जन डॉ. एम.के. राय ने सभी चिकित्सकों एवं स्टॉफके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि टीम वर्क, समर्पण और बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं उन्नत बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

साड़ियों की घटिया क्वालिटी पर फूटा गुस्सा, महिला कांग्रेस ने फूंका पुतला

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के खिलाफविरोध प्रदर्शन करते हुए दोपहर 12 बजे पडाव चौक में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री के विरोध में पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि विभाग द्वारा वितरित की गई साड़ियां न केवल निम्न स्तर की हैं, बल्कि उनकी लंबाई भी पर्याप्त नहीं है, जिससे उनका उपयोग करना कठिन हो रहा है। प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के खिलाफआंदोलन की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी मे महिला कांग्रेस की जिला इकाई द्वारा 13 अप्रैल को महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास मंत्री के विरोध में पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष उर्मिला यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता और लंबाई को लेकर उत्पन्न असंतोष के चलते लिया गया है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें दी गई साड़ियां न केवल निम्न स्तर की हैं, बल्कि उनकी लंबाई भी पर्याप्त नहीं है, जिससे उनका उपयोग करना कठिन हो रहा है। इस मुद्दे को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में व्यापक नाराजगी देखी जा रही है। महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष अनिता विश्वकर्मा ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कार्यकर्ता अपनी मांगों को शासन तक पहुंचाना चाहते हैं और दोषियों के खिलाफउचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस अवसर पर उर्मिला यादव, अनीता विश्वकर्मा, जागेश्वरी वर्मा, मायारानी सिंह, सकीरा खान, लतारानी, हेमिन मंगेशकर, जाहेदा बेगम, कमलेश्वरी, निधि ठाकुर, स्वेता पाठक, गुलाबा कोशले, पिनाक डहरिया, शकुंतला देवी, अनिता नवरंग, अनुष्का, गुलाबा, लल्ला सिंह,

बम्हनीडीह नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था ध्वस्त कचरे के ढेर और जाम नालियों से त्रस्त जनता

सीएमओ की कार्यप्रणाली पर उठ रहा सवाल चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। नपं बम्हनीडीह इन दिनों अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ताजा मामला सफाई व्यवस्था से जुड़ा है, जहां 15 वार्डों वाले इस नगर में अधिकांश क्षेत्रों में कचरे का अंबार लगा हुआ है और नालियां जाम पड़ी हैं नागरिकों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा नियमित सफाई नहीं कराई जा रही, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है इस पूरे मामले ने सीधे तौर पर सीएमओ राधाचरण तिवारी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं । नगर पंचायत की बिगड़ी व्यवस्था को लेकर अब सीधे तौर पर सीएमओ की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं नागरिकों का आरोप है कि जब से उन्होंने कार्यभार संभाला है, तब से समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है लोगों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि नगर में व्यवस्था मुंद भुत सुविधा का उनको लाभ मिल सके नगर वासियों का आरोप है की सीएमओ केवल बाजार पारा के मेन रोड की साफ-सफाई करवा कर अपनी वाहवाही बटोर रहे? है जब की नगर के अंदरूनी हिस्से में साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है ।नगर के लोगों ने बताया कि नगर पंचायत के कर्मचारी हर महीने घर-घर जाकर सफाई टैक्स वसूल रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल रही वार्डों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं और लोग खुद ही सफाई करने को मजबूर हैं नागरिकों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि जब उन्हें खुद ही कचरा साफ करना पड़ रहा है, तो फिर टैक्स लेने का औचित्य क्या है लोगों का कहना है कि यह सीधे तौर पर जनता के साथ अन्याय है ।जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के पास लगभग 70 लाख रुपए का फंड मौजूद है, जिससे हर महीने सफाई कर्मचारियों को हजारों रुपए का भुगतान किया जा रहा है इसके बावजूद जमीनी स्तर पर सफाई का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा नागरिकों का आरोप है कि केवल कागजों में सफाई दिखाकर बिल पास किए जा रहे हैं, जबकि हकीकत में वार्डों की हालत बदतर होती जा रही है इससे पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं । नगरवासियों का कहना है कि जब भी वे अपनी समस्या लेकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचते हैं, तो वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी उपलब्ध नहीं होता सीएमओ राधाचरण तिवारी की अनुपस्थिति के चलते शिकायतें सुनने वाला कोई नहीं रहता कर्मचारी भी यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि अधिकारी उपस्थित नहीं हैं इससे लोगों को बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं और समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं ।

सीएमओ पर भेदभाव का आरोप

सीएमओ केवल व्यक्तिगत स्वार्थ देख कर काम करवा रहे हैं गरीबों के घर के सामने को साफ सफाई कराने इनका कोई रूचि नहीं है केवल बस स्टैंड बाजार को साफ सफाई में इनका ध्यान है।

राज कुमार पटेल पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बम्हनीडीह

वित्तीय अनियमितताओं के आरोपी पूर्व स्काउट कमिश्नर की बढ़ी मुश्किलें

मुंगेली/नवप्रदेश। स्काउट के जिला संगठन आयुक्त पर लाखों के फर्जीवाड़ा का आरोप और उस पर एफआईआर की मांग को लेकर बीते माह से लेकर अब तक विभिन्न समाजसेवी लोगों के द्वारा जिला एवं राज्य स्तर पर शिकायती पत्र का ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर संज्ञान लेते हुए राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ इंद्रजीत सिंग खालसा के द्वारा पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन 10 अप्रैल को कर दिया गया है।

जांच बैठक में पत्र जारी कर पूर्व जिला संगठन आयुक्त मुंगेली मोरध्वज सप्रे एवं वर्तमान जिला सचिव मोनू बेलदार को 13 अप्रैल को राज्य मुख्यालय में उपस्थिति देने कहा गया था। उक्त जांच समिति में अशोक कुमार देशमुख राज्य आयुक्त रोवर अध्यक्ष, अमित कुमार राज्य संगठन आयुक्त स्काउट सदस्य, पूनम सिंह साहू राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सदस्य, श्रीमती जलवती साहू राज्य संगठन आयुक्त (गा.) सदस्य और संतोष कुमार साहू लीडर ट्रेनर स्काउट महासमुंद सदस्य सम्मिलित हैं। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ मुंगेली के पूर्व जिला संगठन आयुक्त मोरध्वज सप्रे के विरुद्ध विभिन्न वित्तीय अनियमितताओं एवं अन्य विषयों को लेकर आरोप पत्र के बिंदु तैयार कर 17 बिंदुओं का स्पष्टीकरण नोटिस जिला संघ मुंगेली द्वारा मई 2025 में जारी किया गया था।

जिसके आधार पर राज्य कार्यालय रायपुर द्वारा भी नोटिस सप्रे को प्राप्त हुआ था किंतु तत्कालीन समय में नोटिस का जवाब देने में मोरध्वज सप्रे विफल रहे। जिसके कारण आरोपों की गंभीरता के आधार पर और जवाब प्रस्तुत नहीं होने के करण 4 जुलाई 2025 को मोरध्वज सप्रे को जिला संगठन आयुक्त मुंगेली के पद से बर्खास्त करते हुए जिला मुख्य आयुक्त मुंगेली के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर वित्तीय अनियमितता सही पाए जाने पर कानूनी कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया गया था। जिसके बाद मोरध्वज सप्रे ने हाईकोर्ट की शरण ली और राज्य मुख्य आयुक्त सहित जिला मुख्य आयुक्त,

शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा की अध्यक्षता में सोमवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी (BEO), सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी (ABEO), बीआरसी और संकुल प्राचार्यों को नए शिक्षा सत्र के सुचारू संचालन और प्रशासनिक कसावट हेतु कड़े दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की शुरुआत में सहायक संचालक रवि शंकर तिवारी ने छात्रों के अपार आईडी जनरेशन, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड अपडेशन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी बच्चों के अनिवार्य दस्तावेज समय-सीमा में तैयार किए जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देशित किया कि नया सत्र शुरू होने से पहले गणवेश, पाठ्य पुस्तकें और साइकिल वितरण की सभी तैयारियां शत-प्रतिशत पूर्ण कर ली जाएं। प्रशासनिक सुधार की दिशा में डॉ. झा ने सख्त निर्देश दिए कि जो शिक्षक लंबे समय से अपने कर्तव्यों से अनुपस्थित हैं, उनके विरुद्ध चल रही विभागीय जांच को तत्काल पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें ताकि उनकी बर्खास्तगी की कार्यवाही की जा सके।

भाजपा चुनाव के लिए नहीं, सेवा के लिए समर्पित

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के निर्देश पर आज नगर मंडल द्वारा गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत कालीमाई वार्ड एवं रामगढ़ में अभियान संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कालीमाई वार्ड में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर इस अभियान को प्रारम्भ किया गया।

जिला भाजपा प्रभारी ज्योति नंद दुबे, पुन्नूलाल मोहले विधायक, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेष पाठक मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। जिला प्रभारी श्री दुबे ने नरेंद्र मोदी के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का संपूर्ण जानकारी दिया तथा भविष्य में और भी अधिक कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन की बात कही। विधायक मोहले ने कहा कि सभी को आवास, महतारी वंदन, निराश्रित पेंशन, स्वास्थ्य बीमा तथा कम दर पर जिला अस्पताल मुंगेली में इलाज के सुविधा की बात कही। कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक ने सभी हितग्राहियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अभियान को सफल बनाने के लिए अपील की। जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने गांव के चलो घर-घर चलो अभियान के मूल भाव को बताया कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनाव पर ही जनता के पास नहीं जाती वह और उनके संगठन के अधिकारी समय-समय पर हितग्राहियों और जनता के पास जाकर सभी योजनाओं के क्रियान्वयन कि स्थिति का अवलोकन

'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान का मोर्चा, घर-घर जाकर दी योजनाओं की जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष राकेश साहू के आदेशानुसार के जिले के ग्रामीण मंडल में गांव चलो, बस्ती चलो, का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा मुंगेली मंडल के द्वारा हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई । ग्राम के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रापं सरपंच एवं जिला युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष अरविंद सोनी, कार्यालय मंत्री युवा मोर्चा धर्मेंद्र चतुर्वेदी, युवा मोर्चा मुंगेली ग्रामीण अध्यक्ष गुलशन सिंह ठाकुर, पिछड़ा वर्ग महामंत्री मुंगेली ग्रामीण मंडल भास्कर श्रीवास, बूथ अध्यक्ष श्रवण यादव बूथ प्रभारी कन्हैया वर्मा, शिवशंकर यादव, जीनरोत्तम वर्मा ,पैशहा वर्मा एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

जनगणना की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली मास्टर ट्रेनर्स की बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जनगणना प्रशिक्षकों, मास्टर ट्रेनर्स एवं फील्ड ट्रेनर्स की महत्वपूर्ण बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जनगणना प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रगणकों द्वारा मकान गणना कार्य की जानकारी ली तथा गणना प्रपत्रों के भरने की प्रक्रिया को विस्तार से समझा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना एवं मकान सूचीकरण हेतु आवश्यक जानकारी एकत्र करेंगे तथा प्रत्येक प्रविष्टि को सावधानीपूर्वक दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में शत-प्रतिशत शुद्धता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाएं। बैठक में कलेक्टर ने प्रगणकों एवं फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण में तकनीकी प्रक्रियाओं, प्रपत्रों के सही संधारण तथा डिजिटल प्रविष्टियों की बारीकियों को गहराई से समझने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण एवं अभ्यास सत्रों को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता से अपनी भूमिका निभाएं। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि विकास योजनाओं की मजबूत आधारशिला है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ करें। एडीएम निष्ठा पांडे तिवारी ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चरणबद्ध रूप से आयोजित किया जाएगा।

पेज 1 का शेष...

बॉयलर फटा, 10...

सक्ती एसपी प्रफुल्ल ठाकुर दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारिक तौर पर 5 मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। दमकल की गाड़ियां और एम्बुलेंस तत्काल मौके पर भेजी गईं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल रायगढ़ जिले के अस्पतालों के लिए रेफर किया गया है।

बिहार में अब बीजेपी राज...

साथ ही बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। आज नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। वे सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ एक ही गाड़ी से राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा- 'अब नई सरकार यहां का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा, बिहार बहुत आगे बढ़ेगा।'

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से

संस्कृति में नारी को सदैव ज्ञान, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। पंचायत राज संस्थाओं में आधे स्थानों पर महिलाओं को आरक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार धन्यवाद की पात्र है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने पर देश की हर बेटी ऐतिहासिक निर्णयों में अपनी भूमिका निभा पाएगी। लता मंगेशकर ऑडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर इंदौर की नारियों ने अनोखी मिसाल पेश की। कार्यक्रम में मंच पर कई वर्गों में कार्य कर रही नारियों ने अपनी सहभागिता की और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मंच की शोभा ब?ाई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों में मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारी सब दर्शक दीर्घा में बैठे। कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्री का अवलोकन किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मालिनी गौ? ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास हो जाने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ।

संविधान निर्माता होने के साथ

प्रत्येक क्षण भारत माता की आराधना करते हुए समाज को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया था।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भीम जन्मभूमि पर आज होली-दीवाली जैसा माहौल है। बाबा साहेब के जीवन से जुड़े सभी 5 पड़ावों को हमारी सरकार ने पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया है। जातिगत असमानता को खत्म करने के लिए अंतर्जातीय विवाह करने पर नवदम्पत्तियों को हमारी सरकार प्रोत्साहन राशि के रूप में 2 लाख रुपए दे रही है। अनुसूचित जाति-जनजाति के कल्याण के लिए सरकार ने सालाना बजट का एक तिहाई हिस्सा इन्हें समर्पित किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अनिल गजभिये और डॉ. सत्यभान मेश्राम द्वारा डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर लिखी पुस्तक %बाबा साहेब की दृष्टि में सामाजिक न्याय% का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने डॉ. सुदीप भगतदीप, डॉ. संदेश माधवराव, स्व. श्री निशांत कायरे, डॉ. मीना गजभिये सहित 5 समाजेसवियों को %भीमरत्न अवॉर्ड 2026% से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद सर्वजनों को %बाबा साहेब अमर रहे% का नारा उद्घोष कराया। महू विधायक एवं पूर्व मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने कहा कि आज बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर हम उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास करें। यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हम सब मिलकर संकल्प लें कि जीवन में कभी हिंसा, चोरी, नशा और कोई गलत काम नहीं करेंगे। बाबा साहेब समाज में आमूल-चूल परिवर्तन के लिए कटिबद्ध थे। नारी शक्ति की समानता के उनके विचारों के आधार पर देश की संसद में %नारी शक्ति वंदन अधिनियम% के माध्यम से विधानसभा और लोकसभा की 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का निर्णय होने जा रहा है। वरिष्ठ विचारक श्री आलोक कुमार ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर बेहद उच्च शिक्षित व्यक्तित्व थे, फिर भी उनके साथ तत्कालीन समाज में भेदभाव हुआ। जब संविधान लिखने की बारी आई, तो महात्मा गांधी जी ने पं. जवाहरलाल नेहरू को सुझाव दिया था कि संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष बनने के लिए एक ही व्यक्ति योग्य है और वह डॉ. भीमराव अम्बेडकर ही हैं। संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन की जिम्मेदारी डॉ. अम्बेडकर को उनकी योग्यता के कारण ही मिली थी। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज को बंधुता और भाईचारा दिया। उन्होंने समानता का संकल्प किया था। भारतीय संविधान की धारा 17 में लिखा गया कि अस्पृश्यता (छुआछूत) को समाप्त किया जाता है और समाज के एक बड़े वंचित वर्ग को इस अन्याय से मुक्ति मिली थी। छुआछूत और भेदभाव भारतीय संस्कृति का कभी भी आधार नहीं रहा। हम सभी को भारत के संविधान में उल्लेखित नियमों/उपनियमों

पाकिस्तान ने जिस होटल में कराई अमेरिका-ईरान वार्ता, उसका बिल नहीं चुका पाई शहबाज सरकार

इस्लामाबाद (ए.)। इस्लामाबाद में हुई अमेरिका-ईरान शांति वार्ता पाकिस्तान के लिए वैश्विक शर्मिंदगी बन गई है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफसरकार ने वार्ता की मेजबानी के लिए चुने गए फाइव स्टार सेरेना होटल का बिल चुकाने में पूरी तरह नाकाम रही। जी हां, जो कार्यक्रम पाकिस्तान के लिए दुनिया भर में अपनी कूटनीतिक ताकत दिखाने का एक शानदार मौका था, वह उसके लिए भारी फजीहत का कारण बन गया है। बिल नहीं चुका पाने की इस घटना ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति और उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

होटल के मालिक को खुद चुकाना पड़ा बिल: न्यूज18 ने खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के हवाले से लिखा है कि स्थिति इतनी खराब हो गई कि आखिरकार होटल के मालिक को खुद आगे आकर इस पूरे खर्च का भुगतान करना पड़ा। होटल के मालिक आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क से ताल्लुक रखते हैं।

इस घटना के बाद कूटनीतिक हलकों में पाकिस्तान की जमकर आलोचना हो रही है। जिस कार्यक्रम को पाकिस्तान अपनी विदेश नीति की एक बड़ी कामयाबी मान रहा था, वह उसके लिए एक 'पब्लिक रिलेशंस डिजास्टर' यानी सार्वजनिक बदनामी बन गया है।

बड़े दावों और असलियत में भारी अंतर: इस्लामाबाद में हुए इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य दुनिया को यह दिखाना था कि पाकिस्तान, अमेरिका और ईरान के बीच एक भरोसेमंद मध्यस्थ बन सकता है। सेरेना जैसे प्रतिष्ठित होटल में इस बातचीत को आयोजित करने का मकसद यह जताना था कि पाकिस्तान एक स्थिर और सक्षम देश है।

यूएन प्रमुख ने अमेरिका और ईरान से बातचीत जारी रखने की अपील की

नई दिल्ली/ए.। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी रखने की अपील की है। यह जानकारी उनके प्रवक्ता ने

दी। प्रवक्ता स्टेफान दुजारिक ने बताया कि पाकिस्तान में आयोजित इस्लामाबाद वार्ता में संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता नहीं हो सका, लेकिन बातचीत से यह साफहुआ कि दोनों पक्ष गंभीरता से संवाद कर रहे हैं। इसे आगे की बातचीत के लिए एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण कदम माना गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच गहरे मतभेद हैं, इसलिए कोई समझौता तुरंत नहीं हो सकता। ऐसे में बातचीत को जारी रखना जरूरी है ताकि धीरे-धीरे समाधान निकल सके। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि कई हफ्तों से चल रही तबाही और तनाव के बाद अब यह साफहो गया है कि इस संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि हफ्तों की तबाही और संकट के बाद, अब यह साफहो गया है कि मौजूदा संघर्ष का कोई भी सैन्य समाधान नहीं है। दुजारिक ने यह भी कहा कि संघर्ष-विराम (सीजफायर) को हर हाल में बनाए रखा जाना चाहिए, और इसका उल्लंघन करने वाली सभी गतिविधियों को तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि महासचिव इस बात पर जोर देते हैं कि इस संघर्ष से जुड़े सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य सहित सभी समुद्री मार्गों पर आवाजाही की स्वतंत्रता का सम्मान करना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले- यह इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रगति का नया द्वार है

पीएम मोदी ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का किया उद्घाटन

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्तराखंड के विकास, कनेक्टिविटी, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तीकरण पर अपनी बात रखी।

दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कॉरिडोर केवल सड़क नहीं होते बल्कि ये विकास के नए द्वार खोलते हैं। ये नए व्यापार, उद्योग, गोदाम और फैक्ट्रियों के लिए रास्ता तैयार करते हैं। इस कॉरिडोर से पूरे क्षेत्र का कायाकल्प होने की उम्मीद है और लोगों के लिए नई संभावनाएं पैदा होंगी।

अपने संबोधन की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश

में त्योहारों की खुशी और नववर्ष का उत्साह है। उन्होंने सभी नागरिकों को वैसाखी, बोहाग बिहू और पुथंडु की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा केदार के दर्शन के बाद उन्होंने जो बात कही थी कि इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, वह अब सच होती दिख रही है। प्रधानमंत्री ने खुशी जताते हुए कहा कि ÷डबल इंजन सरकार÷ की नीतियों और राज्य के लोगों की मेहनत से उत्तराखंड तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है और कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना इस प्रगति को और तेज करेगी और राज्य के विकास को नई गति देगी। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और ऐसे समय में इस एक्सप्रेसवे का उद्घाटन एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं अंबेडकर जयंती का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बीआर अंबेडकर को नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन गरीबों, वंचितों और शोषितों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने बताया कि बीते एक दशक में सरकार के फैसलों और नीतियों ने संविधान की गरिमा को पुनः स्थापित करने का काम किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद अब पूरे देश में संविधान पूरी तरह लागू हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि देश के कई जिलों में माओवाद और नक्सलवाद खत्म हुआ है और वहां भी अब संविधान की भावना के अनुसार काम हो रहा है। उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का भी जिक्र किया और कहा कि यह संविधान की अपेक्षा है। उत्तराखंड ने इस दिशा में कदम बढ़ाकर पूरे देश को रास्ता दिखाया है।

प्रधानमंत्री ने सामाजिक न्याय को संतुलित विकास से जोड़ते हुए कहा कि सरकार हर गरीब और वंचित तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगीकरण के बड़े समर्थक थे और आज सरकार उसी दिशा में काम कर रही है।

पश्चिम एशिया संकट: एस जयशंकर ने इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार से की बात

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संघर्ष से चिंतित भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इजरायली और ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों से फोन पर बात की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

जयशंकर ने बताया कि मंगलवार दोपहर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। ÷हमने पश्चिम एशिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।÷ वहीं गिदोन सार ने भी अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से इसकी जानकारी दी। सार ने बताया कि हमेशा की तरह, मेरे मित्र और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ एक अच्छी बातचीत हुई। हमने ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य और लेबनान पर चर्चा की। सार के अनुसार उन्होंने बातचीत में अमेरिका की शर्तों का जिक्र किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बेहतरी पर बल दिया।

वहीं, दूसरी पोस्ट में विदेश मंत्री जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष से हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया की सिनेटर वॉन्ग के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष पर विचार विमर्श किया।

होर्मुज पर अमेरिका की नाकेबंदी के बीच जयशंकर की इजरायल और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों से बात काफी अहम है। दरअसल, सोमवार को ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाकेबंदी शुरू करने का ऐलान कर दिया था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड फोर्स (सेंटकॉम) के मुताबिक, यह नाकेबंदी तय समय से शुरू कर दी गई है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श के लिए बर्लिन पहुंचे

नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श के लिए बर्लिन दौरे पर पहुंचे हैं। वे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश सचिव मंगलवार (भारतीय समयानुसार) तड़के बर्लिन पहुंचे, जहां जर्मनी में भारत के राजदूत अजीत गुप्ते ने उनका स्वागत किया।

जर्मनी स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, ÷विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भारत-जर्मनी विदेश कार्यालय परामर्श के लिए बर्लिन पहुंच गए हैं। यह यात्रा जनवरी 2026 में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत की सफल यात्रा के बाद हो रही है, और यह भारत व जर्मनी के बीच नियमित संवाद को दर्शाती है।

भारतीय राजदूत अजीत गुप्ते ने भी सोशल मीडिया के जरिए भी विदेश सचिव मिस्त्री का बर्लिन में स्वागत किया। भारतीय राजदूत ने 'एक्स' पोस्ट में कहा, ÷उनकी यह यात्रा भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण दायरे की समीक्षा करने, द्विपक्षीय एजेंडे के प्रमुख स्तंभों पर चर्चा को आगे बढ़ाने व क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का एक अवसर प्रदान करती है।÷

देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य

नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि उद्योग भर में ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग लगभग 98 प्रतिशत तक बढ़ गई है। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है; निर्बाध घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकांश वितरक केन्द्र रविवार को भी खुले। वहीं, मार्च 2026 से अब तक देश भर में 1.28 लाख से अधिक छापे मारे गए हैं और 59,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने देश के नागरिकों को सलाह जारी करते हुए कहा कि वे पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी करने से बचें और जानकारी के लिए केवल

आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। मंत्रालय ने कहा कि वे अफवाहों से सावधान रहें और सही जानकारी के लिए आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करें। कल सोमवार को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावित करने वाले मौजूदा घटनाक्रमों के बीच पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे उपायों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वर्तमान ईंधन आपूर्ति स्थिति पर अद्यतन जानकारी दी।

एनसीआर में शुरू हो रहा है गर्मी का असर एक सप्ताह में पारा पहुंचेगा 40 डिग्री तक

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अब गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी ताज़ा पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान लगातार बढ़ेगा और 19 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है।

वहीं, न्यूनतम तापमान भी धीरे-धीरे बढ़कर 23 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध पूर्वानुमान के अनुसार 14 अप्रैल को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया है। इस दिन तेज सतही हवाएं चलने का

अनुमान है, जिससे कुछ हद तक राहत मिल सकती है, लेकिन इसके बाद गर्मी का असर और बढ़ेगा।

15 अप्रैल को अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री रहने का अनुमान है, जबकि 16 और 17 अप्रैल को तापमान 37 डिग्री तक पहुंच सकता है। 18 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री रहने की संभावना है। इसके बाद 19 अप्रैल को पारा 39 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास रह सकता है। इन सभी दिनों में आसमान साफ रहने की संभावना जताई गई है, जिससे धूप और अधिक तेज महसूस होगी।

अमेजन डॉट इन समर हॉलिडे सीजन की शुरुआत

बेंगलुरु। समर हॉलिडे के शुरू होते ही Amazon.in ने दो क्यूरेटेड स्टोरफ्रंट– किड्स समर स्लैम और समर टॉयज़ लिस्ट– लॉन्च किए हैं। इस सीज़न के सबसे पसंदीदा खिलौनों और प्ले एसेंशियल्स जैसे रिमोट कंट्रोल कार, हॉट व्हील्स, स्विमिंग पूल, क्रिकेट किट, किड्स साइकिल, स्कूटर आदि पर 50% तक की छूट मिल रही है, जिसकी शुरुआती कीमत 199 रुपये है। एडिडास, स्पीडो, डीएससी, निविया और लाइफलोंग जैसे ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं। ग्राहक अमेज़न पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड से 5त्न की बचत और एचडीएफसी, एचएसबीसी, यस बैंक, स्कैपिया, आरबीएल, डीबीएस और बैंक ऑफबड़ौदा के कार्ड्स पर 7.5% तक का इंस्टेंट डिस्काउंट पा सकते हैं। शानदार डील्स के अलावा, Amazon.in के एआई टूल्स टॉय शॉपिंग को बेहद आसान बना देते हैं। अगर आप सोच रहे हैं कि कोई इनफ्लेटेबल पूल आपके बालकनी में फिट होगा या नहीं, तो खरीदने से पहले ÷व्यू इन योर रूम÷ फीचर से उसे वर्चुअली देख सकते हैं। किसी दोस्त के यहां कोई खिलौना पसंद आया? लेंस एआई से तुरंत वैसा ही प्रोडक्ट ढूंढें–ब्रांड नाम या सर्च टर्म की भी आवश्यकता नहीं। आठ साल के बच्चे के लिए सही क्रिकेट किट कौन सा है? रुफस से पूछें और तुरंत सही सुझाव पाएं। रिव्यू हाइलाइट्स हजारों रिव्यू में से जरूरी बातें जैसे ड्यूरेबिलिटी, सेफ्टी और प्ले वैल्यू को सामने लाता है, ताकि अभिभावकों को अंदाज़ा लगाने की जरूरत न पड़े। प्राइस हिस्ट्री से यह पता चलता है कि किसी प्रोडक्ट की कीमत समय के साथ कैसी रही है।

खुदरा महंगाई दर मार्च में 3.4 प्रतिशत रही अरहर, आलू और प्याज के दाम घटे

नई दिल्ली। खुदरा महंगाई दर मार्च में सालाना आधार पर 3.4 प्रतिशत रही है, इसमें क्रमिक आधार पर 0.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत थी। यह जानकारी सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को दी गई। मंत्रालय ने कहा कि मार्च में ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत और शहरी इलाकों में खुदरा महंगाई दर 3.11 प्रतिशत रही है।

खाद्य महंगाई दर मार्च में 3.87 प्रतिशत रही है और फरवरी में यह 3.47 प्रतिशत थी। मार्च में ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई दर 3.96 प्रतिशत रही है और शहरी इलाकों में यह 3.71 प्रतिशत थी। बीते महीने प्याज -27.76 प्रतिशत, आलू -18.98 प्रतिशत,

लहसुन -10.18 प्रतिशत, अरहर -9.56 प्रतिशत और मटर, चना -7.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ राष्ट्रीय स्तर पर सबसे कम महंगाई दर्ज करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख आइटम थे। इन सभी में महंगाई दर सालाना आधार पर नकारात्मक रही है। वहीं, दूसरी तरफ चांदी की ज्वैलरी 148.61 प्रतिशत, सोना/हीरा/प्लेटिनम ज्वैलरी 45.92 प्रतिशत, कोपरा 45.52 प्रतिशत, टमाटर (35.99 प्रतिशत और फूलगोभी 34.11 प्रतिशत, राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक महंगाई दर्ज करने वाले शीर्ष 5 प्रमुख आइटम थे। इन सभी आइटम में महंगाई दर सालाना आधार पर सकारात्मक रही है।

मार्च में, जिन पांच राज्यों में खुदरा महंगाई दर सबसे अधिक रही है, उनमें तेलंगाना (5.83 प्रतिशत), आंध्र प्रदेश (4.05 प्रतिशत), कर्नाटक (3.96 प्रतिशत), तमिलनाडु (3.77 प्रतिशत) और राजस्थान (3.64 प्रतिशत) शामिल थे। सरकार के मुताबिक, खुदरा महंगाई दर के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा संगठन (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के फील्ड ऑपरेशंस डिवीजन के फील्ड स्टाफ द्वारा साप्ताहिक आधार पर व्यक्तिगत दौरों के माध्यम से सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करते हुए चयनित 1407 शहरी बाजारों (ऑनलाइन बाजारों सहित) और 1465 गांवों से रियल टाइम प्राइस डेटा एकत्र किया जाता है।

टी-20 वर्ल्ड कप जिताने वाले सूर्यकुमार होंगे टीम इंडिया से बाहर?

नई दिल्ली। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम को टी20 वर्ल्ड कप जिताया जरूर है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी फॉर्म अब भी सवालों के घेरे में है. ऐसे में 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लेकर उनका भविष्य पूरी तरह प्रदर्शन पर निर्भर माना जा रहा है.

जून-जुलाई में होने वाला इंग्लैंड और आयरलैंड दौरा सूर्यकुमार के लिए बेहद अहम होगा. इस दौरे पर उनकी कप्तानी से ज्यादा उनकी बल्लेबाजी पर नजर रहेगी. यही तय करेगा कि उन्हें 2028 तक टीम में बनाए रखा जाएगा या नहीं. यानी इशारा साफ है कि सूर्या की कप्तानी और टीम में जगह दोनों ही दांव पर है.

टीम के हेड कोच गौतम गंभीर अभी भी सूर्यकुमार के समर्थन में हैं और उन्हें 2028 तक जारी रखने के पक्ष में बताए

जा रहे हैं. हालांकि, अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस पर क्या फैसला लेती है, यह देखना दिलचस्प होगा. खास बात यह है कि ओलंपिक के समय सूर्यकुमार की उम्र करीब 38 साल होगी. अगर उनके हालिया प्रदर्शन की बात करें तो 2025 उनके लिए बेहद खराब रहा था. उनका स्ट्राइक रेट 120 से नीचे चला गया था और वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके थे. हालांकि 2026 में उन्होंने वापसी की और टी20 वर्ल्ड कप तक चार अर्धशतक लगाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 160 से ज्यादा रहा.

बाबा साहेब ने अपना जीवन, पढ़ाई, ज्ञान प्राप्ति, समानता, भाईचारे और मानवता के लिए समर्पित किया है- सखलेचा

नीमच में अम्बेडकर जयंती के जिला स्तरीय समारोह में 8 हितग्राहियों को हितलाभ वितरित

नीमच/नवप्रदेश। भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर ने अपना सम्पूर्ण जीवन, पढ़ाई, ज्ञान प्राप्ति, समानता, भाईचारे और मानवता के लिए समर्पित किया है। डॉ.अम्बेडकर का प्रकाशवान जीवन दर्शाता है, कि वे विद्वान और कर्मशील व्यक्तित्व के धनी थे। डॉ.अम्बेडकर के विचार और कार्य हमारे समाज में आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं का समाधान करने में हमारा मार्गदर्शन कर सकते है। उक्त विचार पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय डॉ.अम्बेडकर जयंती समारोह सह हितलाभ वितरण सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर नीमच विधायक श्री दिलीप सिह

परिहार, श्री वंदना खण्डेलवाल, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णवभी विशेष रूप से मंचासीन थे। विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा, कि नीमच में डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है।सिंगोली में भी उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है और रतनगढ में भी डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होने कहा, कि प्रदेश सरकार प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रही है। विधायक श्री दिलीप सिह परिहार ने अपने उदबोधन में कहा कि डॉ.भीमराम अम्बेकर ने अर्थशास्त्र राजनीति, कानून दर्शन, समाजशास्त्र का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया। म.प्र.की धरती महू से निकल कर उन्होने विदेशो में पढ़ाई की और अपना जीवन समाज की भलाई के कार्य में लगाया। डॉ.अम्बेडकर द्वारा रचित संविधान से ही हमे मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य मिले है।

विधायक श्री परिहार ने कहा, कि नीमच में 5 करोड़ की लागत से नवीन छात्रावास मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा स्वीकृत किया गया है। उन्होने कहा, कि अ.जा.वर्ग के विद्यार्थियों, युवाओं के लिए सरकार ने अनेको योजनाए संचालित की है। सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास के मूलमंत्र के आधार पर सरकार सभी वर्गो के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर विधायक श्री सखलेचा, श्री परिहार एवं अतिथियों ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्वरोजगार योजना, श्री बिरसामुण्डा स्वरोजगार योजना, डॉ.भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत 8 हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित कर लाभांवित किया। समारोह में सांदिपनी विद्यालय नीमच के छात्र-छात्राओं ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर के बाल जीवन पर आधारित नृत्य, नाटिका, प्रस्तुत की, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। महाविद्यालयीन छात्रावास नीमच की छात्राओं ने भी प्रसतुति दी। सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए भी दलों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये। कार्यक्रम का संचालन श्री अरूण सोलंकी ने किया तथा अंत में जिला संयोजक श्री राकेश राठौर ने आभार माना। इस मौके पर श्री रवि गोयल, श्री रतनलाल मालावत, श्री हेमन्त हरित एवं जनप्रतिनिध, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण

न्यूज गैलरी

भुरेलाल फिरोजिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश क्वार्टर फाइनल में, दर्शकों को मिल रहे नकद इनाम

उज्जैन/नवप्रदेश। क्षीरसागर मैदान पर आयोजित स्व. भुरेलाल फिरोजिया स्मृति अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश और राजस्थान की टीमें भी भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के दौरान चौके-छक्के का कैच पकड़ने वाले दर्शकों को 1000 रुपये नकद पुरस्कार दिया जा रहा है, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह है। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 5.51 लाख रुपये, उपविजेता को 2.51 लाख रुपये तथा मैन ऑफ द सीरीज को मोटरसाइकिल प्रदान की जाएगी।

जल गंगा संवर्धन अभियान: जनभागीदारी से राघवी की बावड़ी का हुआ पुनरोद्धार

उज्जैन/नवप्रदेश। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद महिदपुर की ग्राम पंचायत राघवी स्थित बावड़ी का जनभागीदारी से सफल पुनरोद्धार किया गया। साफ-सफाई, रंगाई-पुताई एवं गाद निकासी के बाद बावड़ी की जल भंडारण क्षमता बढ़कर लगभग 9500 घन मीटर हो गई है। इस पुनर्जीवित बावड़ी से क्षेत्र के लगभग 40 किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी मिलेगा, वहीं पशुओं के पेयजल, भू-जल स्तर वृद्धि एवं कृषि उत्पादन में भी लाभ होगा। प्रशासन ने इसे जल संरक्षण की दिशा में जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

पंचक्रोशी यात्रियों की सेवा में समर्पित शिविर, 25 हजार श्रद्धालुओं हेतु भोजन-आवास व्यवस्था

उज्जैन/नवप्रदेश। पंचक्रोशी यात्रा के प्रथम पड़ाव मक्सी रोड स्थित श्री सिंथेटिक चौराहे पर 25 हजार श्रद्धालुओं के लिए भोजन, टेंट, बिस्तर, कूलर एवं ठंडे पानी की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। यह सेवा कार्य पिछले 15 वर्षों से निरंतर संचालित किया जा रहा है। श्री राधा-कृष्ण गौशाला एवं ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से संचालित शिविर में सेवा देने वाले सेवादारों का सम्मान भी किया गया। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि पंचक्रोशी यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक जागरण और आत्मशुद्धि का महत्वपूर्ण माध्यम है।

सांसद खेल महोत्सव के समापन पर संयोजकों का सम्मान, डॉ. दीपक जैन व डॉ. कपिल कटारिया हुए सम्मानित

उज्जैन/नवप्रदेश। 'फिट युवा फॉर विकसित भारत' सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया ने महोत्सव के संयोजक डॉ. दीपक जैन तथा गतका एवं बॉडी बिल्डिंग संयोजक डॉ. कपिल कटारिया का सम्मान किया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल संघों के कोच, बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा शहर के विशिष्टजन उपस्थित रहे। सांसद ने खेलों को युवा सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

नरवाई प्रबंधन हेतु किसानों को मिली मल्चर मशीन, मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जताया आभार

उज्जैन/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए उज्जैन जनपद के वृंदावन ग्राम तालोद के किसानों को मल्चर मशीन उपहार स्वरूप प्रदान की गई। किसानों ने मशीन प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मल्चर मशीन फसल अवशेषों को काटकर मिट्टी में मिलाती है, जिससे पराली जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, प्रदूषण कम होता है तथा मिट्टी की उर्वरकता बढ़ती है। प्रशासन द्वारा किसानों को नरवाई प्रबंधन एवं इसके लाभों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई

उज्जैन/नवप्रदेश। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर 14 अप्रैल को आम आदमी पार्टी ने शहर के टॉवर चौराहे पर आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई ।

इस अवसर पर पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने सुबह 10 बजे से ही अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम आयोजित कर अम्बेडकर जी के विचारों और समाज के लिये उनके द्वारा किये गये महान कार्य पर पकाश डाला। वही टॉवर चौराहे से शाहिद पार्क तक रैली निकाल कर अम्बेडकर जी को याद किया।

पार्टी के शहर अध्यक्ष नरेंद सोलंकी ने बताया कि अम्बेडकर जी की प्रतिमा को माल्यार्पण करने के बाद पार्टी के नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। ओर सभी पदाधिकारियों ने

डॉ .अम्बेडकर जी के विचारों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अभिषेक शर्मा प्रदेश संयुक्त सचिव ,अक्षय पाटीदार प्रदेश सचिव ,महेश प्रसाद तिवारी जिला उपाध्यक्ष ,अनिल ठाकुर संगठन मंत्री , गौतम खिरवे अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष ,अंकित मालवीय जिला उपाध्यक्ष , मनन खोखर जिला उपाध्यक्ष ,विशाल ठाकुर जिला सचिव ,नंदकिशोर चौहान जिला संयुक्त सचिव, अशोक मालवीय जिलासंयुक्त सचिव ,सतीश मालवीय, रितेश नागौर , संयुक्त सचिव ,कमल संयुक्त सचिव, शिव प्रकाश मेहर बलराम मालवीय ,धारा सिंह , दीपक बिजौरे , गंभीर मैडम , जय श्री व्यास,फिरोज भाई जिला उपाध्यक्ष ,इरफान भाई जिला सचिव,रेखा सोनी, दिग्गी बना, कुदीप चौधरी ओर राजकुमार तलवाडिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पंचक्रोशी यात्रा में महाकाल मंदिर समिति की नि:शुल्क भोजन प्रसादी व्यवस्था जारी, 10 हजार श्रद्धालु लाभान्वित

उज्जैन। पंचक्रोशी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा प्रमुख पड़ावों पर निःशुल्क भोजन प्रसादी वितरण निरंतर किया जा रहा है। अब तक 10 हजार से अधिक श्रद्धालु इस व्यवस्था का लाभ उठा चुके हैं। मंदिर समिति द्वारा बिलेश्वर महादेव अंबुजा डेम पड़ाव पर भोजन प्रसादी वितरित की गई, वहीं आज दुधेश्वर महादेव मंदिर पड़ाव पर भी श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाएगी। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि यात्रा के सभी प्रमुख पड़ावों पर यह सेवा जारी रहेगी। उपप्रशासक सिम्मी यादव ने कहा कि भोजन वितरण शुद्ध, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराया जा रहा है।

नागदा वार्ड 21 में 49.28 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

नागदा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 21 में 49.28 लाख रुपए की लागत से विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित अंबेडकर भवन शेड का लोकार्पण तथा 16.28 लाख रुपए की लागत से माताजी मंदिर परिसर में नए शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि ये निर्माण कार्य वार्डवासियों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में उपयोगी सिद्ध होंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सम्मान भी किया गया तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्रीमती संतोष गेहलोत, ओ.पी. गेहलोत, सुभाष शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय समारोह, प्रभारी मंत्री टेटवाल ने बताया बाबा साहेब को समरस समाज का आधार

उज्जैन/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर कालिदास संस्कृत अकादमी में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बाबा साहेब को संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के अग्रदूत बताते हुए कहा कि उनका जीवन समरस समाज की प्रेरणा है। कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरित किए गए, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन, संत रविदास स्वरोजगार एवं आर्थिक कल्याण योजना के तहत चेक व वाहन चाबी प्रदान की गई। शासकीय सेवा में चयनित विद्यार्थियों, महिलाओं एवं समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व हितग्राही उपस्थित रहे।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, सूक्ष्म अणुओं से औषधीय क्रांति पर मंथन

उज्जैन/नवप्रदेश। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में रासायनिक नवाचार के नवीन क्षितिजः सूक्ष्म अणुओं से चिकित्सीय समाधान तक विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता नॉर्वे की डॉ. एलिज़ाबेथ एगहोम जैकबसेन ने कीमो-एंजाइमेटिक संश्लेषण तकनीक पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे प्रभावी और कम दुष्प्रभाव वाली दवाओं का निर्माण संभव है।

विशिष्ट वक्ता आईआईटी इंदौर के प्रो. देबायन सरकार ने प्रिसिजन डिअरोमैटाइजेशन तकनीक और खाद्य संरक्षण में नई खोजों की जानकारी दी। कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि यह संगोष्ठी शोध और औषधि विकास के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करेगी।

कार्यक्रम में प्रो. उमा शर्मा, प्रो. उमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर उमड़ा जनसैलाब, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

उज्जैन/नवप्रदेश। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सरस्वती शक्ति पीठ शिक्षा समिति द्वारा भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन को संघर्ष, समर्पण एवं सामाजिक न्याय की प्रेरणा बताते हुए उनके विचारों को अपनाकर समतामूलक समाज निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम में संस्था की सचिव अर्चना श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष आराधना जैन, एल.आर. प्रजापति, पं. वेद भूषण वेधार्थी, मीना शिवहरे, स्मृति

आज भारत जिस मुकाम पर खड़ा है उसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान : सांसद गुप्ता

अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में संपन्न

मंदसौर/नवप्रदेश। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष

श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर सहित कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, जिला संयोजक आदिम जाति विभाग श्रीमती अंगुरबाला भगोरा एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान को एक सशक्त, व्यवस्थित एवं समावेशी स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया। आज भारत जिस शक्ति और प्रतिष्ठा के साथ विश्व पटल पर खड़ा है, उसमें डॉ. अंबेडकर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समानता, न्याय और विकास की जो भावना संविधान में निहित की, उसी के अनुरूप देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी प्रेरणा मिली है। डॉ. अंबेडकर ने अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया, जिसके

संभागायुक्त ने देवास रोड चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण, शीघ्र पूर्णता के दिए निर्देश

उज्जैन/नवप्रदेश। संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह तथा नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने मंगलवार को देवास रोड हामूखेड़ी मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्य की प्रगति की समीक्षा कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात पंचमपुर से दो तालाब तक चल रहे चौड़ीकरण एवं सीसी रोड निर्माण कार्य का भी अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक , मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं -21 , सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया भोपाल से मुद्रित कर, ए-182 , शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित मो- 9425237314 , Email- navpradeshbhopal@gmail.com (न्याय क्षेत्र भोपाल)